www.epaper.azadsipahi.in
ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची | 25 सितंबर, 2025, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 335, आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

माँ कूष्माण्डा
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

## कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# सारंडा वन्यप्राणी अभयारण्य पर मंत्रियों का समूह करेगा फैसला

- रांची में बनेगा पॉलिटेक्निक कॉलेज का नया भवन
- एमजीएम हादसे के मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इन प्रस्तावों में शिक्षा, आधारभूत संरचना और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। बैठक में रांची स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए 97 करोड़ रुपये की लागत से नये भवन के निर्माण को स्वीकृति दी गयी। वहीं, सारंडा वन क्षेत्र को वन्यप्राणी अभयारण्य के लिए मंत्रियों के एक समूह (ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स) के गठन, एमजीएम हादसे के मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने, खाद्य आयोग सदस्यों के कार्यकाल का विस्तार समेत अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**आर्थिक और सामाजिक स्थिति का आकलन होगा:** कैबिनेट की बैठक में सारंडा वन क्षेत्र को वन्यप्राणी अभयारण्य घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार के लिए मंत्रियों के एक समूह (ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स) का गठन किया गया। यह समूह सारंडा के 575.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करेगा। समूह की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार आगे का निर्णय लेगी।



### चार मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा

एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर के मेडिसिन विभाग में हुए हादसे के मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। घायल को भी मुआवजा दिया जायेगा। साहेबगंज जिले में पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए जलापूर्ति योजना के अंतर्गत 68 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी।

### वन स्टॉप सेंटर योजना का विस्तार

'वन स्टॉप सेंटर' योजना के तहत राज्य में चार नये केंद्र खोले जायेंगे, जिससे महिला सुरक्षा और सहायता को बढ़ावा मिलेगा। झारखंड निजी सुरक्षा एजेंसियों के संचालन के लिए झारखंड निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2023 नियमावली में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी गयी है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय के शिक्षकों और कर्मियोंके वेतन में चार फीसदी बढ़ोत्तरी की मंजूरी दी गयी।

### एनडीपीएस अधिनियम के तहत नये थाने खुलेंगे

नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) के तहत राज्य के पांच जिलों में नये थाने स्थापित किए जायेंगे। राज्य सरकार ने सहायक पुलिस कर्मियों के सेवा विस्तार को एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया। झारखंड सचिवालय कार्यालय प्रक्रिया 2025 को औपचारिक मंजूरी प्रदान कर दी गयी है।

### नेतरहाट की तर्ज पर विद्यालय खोलने के लिए राशि मंजूर

नेतरहाट की तर्ज पर चाइबासा और दुमका के साथ-साथ हजारीबाग और बोकारो में आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए एक सौ सोलह करोड़ चौवन लाख सतहतर हजार आठ सौ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- शहीद नीलांबर पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना के अवशेष कार्यों को पूरा करने के लिए 774.55 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति ।
- झारखंड राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के कार्यकाल विस्तार की स्वीकृति।
- समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत महिला प्रसार पदाधिकारी के पदों पर कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के समायोजन तथा सेवांत लाभ की स्वीकृति।
- पंचम राज्य वित्त आयोग द्वारा समर्पित प्रथम प्रतिवेदन पर राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सुझावों पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त किये जाने की स्वीकृति।

## मोदी सरकार की झारखंड को बड़ी सौगात

# तिलैया-राजगीर-बख्तियारपुर रेल लाइन का होगा दोहरीकरण



आजाद सिपाही सवंददाता

**नयी दिल्ली।** दुर्गा पूजा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने झारखंड और बिहार को बड़ी सौगात दी है। बिहार की सीमा से सटे कोडरमा जिले के तिलैया से राजगीर-बख्तियारपुर तक सिंगल रेल लाइन का अब दोहरीकरण होगा। इससे न केवल झारखंड चार ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ जायेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ जायेगी। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बुधवार को नयी दिल्ली में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि 104 किलोमीटर के इस सेक्शन पर सरकार 2,192 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

**साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड के चार लेन को मंजूरी:** कैबिनेट ने बिहार में एनएच-139 डब्ल्यू के साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड के हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर चार-लेन निर्माण को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 78.942 किलोमीटर होगी और इसकी लागत 3,822.31 करोड़ रुपये होगी।

### रेलवे कर्मचारियों को 1866 करोड़ रुपये बोनस

केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस देने का ऐलान किया। कैबिनेट बैठक में रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिन के प्रोडक्टिविटी-लिंक्ड बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दी गयी। इसके लिए 1,866 करोड़ रुपये का बजट दिया गया, जिसका फायदा 10.91 लाख रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा। यह बोनस कर्मचारियों की 78 दिन की सैलरी के बराबर है।

# राज्य में खुलेगी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी

- विश्वविद्यालय खुलने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए मिलेगा बेहतर प्लेटफॉर्मः हेमंत सोरेन
- रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के उन्नयन को लेकर की बैठक
- मुख्यमंत्री ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने की दिशा में ठोस कदम उठाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। इसके लिए जो भी आवश्यक प्रक्रियाएं हैं, वह जल्द से जल्द पूरी की जायें। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के खुलने से यहां के खेल और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। वे बुधवार को झारखंड मंत्रालय में खेल विभाग एवं सीसीएल के वरीय अधिकारियों के साथ मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, होटवार, रांची के प्रस्तावित उन्नयन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने खेलगांव में अवस्थित सभी स्टेडियम के अद्यतन हालात की विस्तृत जानकारी ली।

**झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली है पहचानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान मिली है। देश में बहुत कम ही ऐसे स्पोर्ट्स सेंटर हैं, जहां अलग-अलग खेलों के स्टेडियम एक ही परिसर में अवस्थित हैं। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं लगातार आयोजित होती आ रही है। ऐसी कई खेल प्रतियोगिताओं का सफल और शानदार आयोजन हम कर चुके हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की हमें निरंतर मेजबानी मिलती आ रही है, ऐसे में हमारे स्टेडियम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मानकों के अनुकूल हों, इसके लिए खेलगांव में स्थित सभी स्टेडियमों में आधुनिक सुविधाओं के साथ सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिये।

**सभी खामियां दूर की जायें, जो जरूरतें हैं उसे पूरी करें:** हेमंत सोरेन ने कहा कि मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सालों भर कोई ना कोई खेल प्रतियोगिता आयोजित होती रहती है। यहां खिलाड़ियों के नियमित प्रैक्टिस की भी व्यवस्था है। ऐसे में इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो, इसके लिए यहां स्थित स्टेडियमों में जो भी खामियां है, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाये। साथ ही खेल आयोजनों को लेकर जो भी जरूरी संसाधनों की जरूरत हो, उसे उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अपग्रेडेशन में अंतर्राष्ट्रीय खेल मानकों के अनुरूप आधुनिक तौर-तकनीक और तरीकों का इस्तेमाल होना चाहिए। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एजेंसीज का सहयोग लें।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में कला-संस्कृति, खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव मनोज कुमार, सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के अभियन्ता प्रमुख संजय कुजूर, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के महाप्रबंधक अविनाश कुमार दीपक, सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह, निदेशक (एचआर) एचएन मिश्रा, जेएसएसपीएस के सीइओ एनके झा और मास एंड वॉइड एजेंसी के ग्रुप हेड प्रणव कुमार मौजूद थे।



### 200 डॉक्टरों को मुख्यमंत्री आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को 200 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें 100 सरकारी डॉक्टर और लगभग 100 अनुबंध पर डॉक्टर शामिल होंगे। नियुक्ति पत्र वितरण की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बताते चलें कि हाल ही में 91 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी और 126 संविदा पर डॉक्टर नियुक्त किये गये थे।

# गुमला में मुठभेड़, पुलिस ने तीन उग्रवादी मार गिराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा व बिशुनपुर थाना क्षेत्र के केचकी, कोल्हू कोना और रुगड़ी टोली में पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में सब-जोनल कमांडर लालू लोहरा, छोटू उरांव और एरिया कमांडर सुजीत उरांव मारे गये। मौके से एके-47, इंसास, एसएलआर व बड़ी संख्या में गोलियां बरामद हुईं। जबकि जेजेएमपी सरगना ब्रजेश यादव और सब-जोनल कमांडर विशाल जी भागने में सफल रहे। एक उग्रवादी को जिंदा पकड़े जाने की भी पुष्टि हुई है। जगुआर स्ट्राइक टीम, एजी टीम और थाना प्रभारियों की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार ब्रजेश यादव भी गिरफ्त में होगा। जहां मुठभेड़ हुई, वह क्षेत्र वर्षों से सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी कारण उग्रवादियों ने इसे अड्डा बना लिया था। हाल ही में पूर्व सरगना रविंद्र यादव ने साथियों संग आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद ब्रजेश यादव ने कमान संभाली, लेकिन लगातार दबिश से उसका नेटवर्क अब टूट रहा है।



KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
21ST ANNUAL CONVOCATION 2025
Date: 26th - 28th September, 2025 | Venue: KIIT Campus 3 (Kathajodi)
Graced by
Prof. Mohan Munasinghe
Nobel Laureate, Sri Lanka — 26th Sept. 2025
Justice Abdulqawi Ahmed Yusuf
Judge, International Court of Justice (ICJ), The Hague
Justice Dalveer Bhandari
Judge, International Court of Justice (ICJ), The Hague — 27th Sept. 2025
H.E. Ouided Bouchamaoui
Nobel Laureate, Tunisia — 28th Sept. 2025
This year, the KIIT Convocation will be held over three days from 26th - 28th September 2025, discipline-wise, to facilitate greater participation of students and parents.
Website: www.kiit.ac.in | Email: kiit@kiit.ac.in

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ - ईसीजी, इको-कार्डियोग्राफी, टीएमटी, हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे : हार्ट फेलियर, हाई कोलेस्ट्रॉल, हार्ट अटैक, हार्ट एरिथमिया, हार्ट ब्लॉक, पाल्पीटेशन, हाइपरटेंशन, दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ, पल्स हॉस्पिटल, रांची
8002882735, 8100360617, 8573987365

LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN
8252797609
Near Dislreey Pull, H.B. Road Kokar, Ranchi (Jharkhand)

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING: M.Sc. Nursing, Post Basic B. Sc. Nursing, B.Sc. Nursing, GNM, ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE: BMLT, DMLT, OT ASSISTANT, ECG, OPHTHALMIC ASST., CRITICAL CARE (ICU), RADIO-IMAGING, ANESTHESIA TECH., DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY: D-PHARM, B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery, KG - I, Nursery, KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# जब जागो तभी सवेरा: बिहार में खोयी जमीन हासिल करने की कोशिश में जुटी कांग्रेस

## ■ देश की सबसे पुरानी पार्टी का 85 साल बाद कार्यसमिति की बैठक कर संदेश देने की कोशिश

## ■ कांग्रेस के 140 साल के इतिहास में यह दूसरा मौका था, जब बिहार में सीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित की गयी

## ■ इस बार परजीवी की छवि तोड़ने के लिए सब कुछ दांव पर लगा रही कांग्रेस

**बिहार में विधानसभा चुनावों के नजदीक आते ही सियासी हलचल चरम पर पहुंच गयी है। इस हलचल के बीच बुधवार 24 सितंबर को पटना के सदाकत आश्रम में आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति यानी की सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई है। यह बैठक 85 साल बाद बिहार की धरती पर आयोजित हुई। इससे पहले बिहार में 1940 में सीडब्ल्यूसी की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में देश के साथ-साथ बिहार चुनाव पर मंथन हुआ और साथ ही वोट चोरी के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। 1940 के बाद पहली बार बिहार में हो रही सीडब्ल्यूसी की बैठक को कांग्रेस बिहार चुनाव जीतने के लिए तेलंगाना मॉडल को अपनाने की कोशिश के रूप में देख रही है। साल 2023 चुनाव से पहले कांग्रेस ने तेलंगाना में सीडब्ल्यूसी की बैठक की थी। उसके बाद वहां बड़ा असर भी हुआ था और प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी हुई थी। इसलिए पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक का अलग सियासी महत्व है। इस बैठक के बाद अब यह लगभग तय हो गया है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कम से कम बिहार में अपनी खोयी हुई जमीन वापस हासिल करने की कोशिश में जुट गयी है। इस कोशिश के दौरान आनेवाली तमाम बाधाओं, चाहे वह महागठबंधन के तहत चुनाव लड़ने का मुद्दा हो या फिर नेतृत्व संभालने का, से कांग्रेस अब पूरी मजबूती के साथ निबटने का मन बना चुकी है। यही कारण है कि कांग्रेस ने सीडब्ल्यूसी की बैठक में बिहार में गठबंधन या सीट शेयरिंग के मुद्दे पर चर्चा नहीं की। क्या है पटना में सीडब्ल्यूसी की अहमियत और कैसे बिहार में कांग्रेस की जमीन खिसकती गयी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
संपादक

बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार तेज हो रही हलचल के बीच पटना में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक ने सियासी हलकों में नयी हलचल पैदा कर दी है। इस बैठक में हालांकि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी शामिल नहीं हुईं, लेकिन इससे इसका सियासी महत्व कम नहीं हुआ है। बैठक के दौरान देश भर के मुद्दों पर विचार किया गया और कई प्रस्ताव पास किये गये। कांग्रेस के 140 साल के इतिहास में यह दूसरा मौका था, जब बिहार में सीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित की गयी। इससे पहले 1940 में रामगढ़ अधिवेशन से पहले वहां सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई थी, जिसमें 'भारत छोड़ो आंदोलन' की रूपरेखा तैयार की गयी थी। इस लिहाज से 24 सितंबर की सीडब्ल्यूसी की बैठक को भी काफी अहम माना जा रहा है।

### राहुल गांधी की यात्रा का असर नहीं

सीडब्ल्यूसी की बैठक से पहले राहुल गांधी ने बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली थी। राहुल गांधी ने 14 दिनों में 24 जिलों की 50 विधानसभा सीटों को कवर किया था। इस दौरान वोट चोरी को लेकर एक नैरेटिव बनाने की कोशिश की गयी, लेकिन कांग्रेस पार्टी उसे बड़ा मुद्दा नहीं बना पायी है। हालांकि सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' का असर बिहार में देखने को मिल रहा है। पार्टी का दावा है कि यह बिहार में बदलाव की शुरुआत है और आने वाला समय बदलाव का है। कांग्रेस और गठबंधन चुनाव में बेहतर करेगा। पार्टी को भरोसा है कि बिहार की धरती से कांग्रेस देश को संदेश देगी।

### पटना में क्यों हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक

पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित करने के पीछे भी एक खास रणनीति है। बिहार में चुनाव होने हैं और इस बार कांग्रेस अपनी खोयी हुई जमीन वापस पाने की जीतोड़ कोशिश कर रही है। इसके अलावा वह तेलंगाना का फॉमूर्ला अपना रही है। तेलंगाना में 2023 में हुई चुनाव से पहले सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई थी, जिसका बड़ा असर हुआ था और राज्य में पार्टी की सत्ता में वापसी हो गयी थी। पार्टी नेताओं को विश्वास है कि 'वोटर अधिकार यात्रा' के बाद सीडब्ल्यूसी की बैठक से राज्य में पार्टी को नयी ताकत मिलेगी। बिहार के लोगों को भी लगेगा कि कांग्रेस अब परजीवी नहीं, बल्कि एक मजबूत राजनीतिक ताकत बन रही है।

### बिहार में ऐसे कमजोर हुई कांग्रेस

बिहार की राजनीति में कांग्रेस का इतिहास उतना ही पुराना है,



जितनी आजादी की कहानी। लेकिन वर्ष 1990 के बाद लालू यादव के उभार के साथ कांग्रेस का आधार लगातार खिसकता गया। कभी पूर्ण बहुमत के साथ एकछत्र राज करने वाली पार्टी विधानसभा में सिमटती चली गयी और अब उसकी स्थिति बेहद कमजोर हो गयी है। ऐसे समय में वर्ष 1940 के बाद दूसरी बार पटना में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक को पार्टी के पुनर्जीवन की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस फिर से खड़ी हो सकेगी। बिहार में कांग्रेस के पतन की कहानी मंडल आंदोलन के बाद वर्ष 1990 से शुरू होती है, जब बिहार की राजनीति का परिदृश्य बदला और कांग्रेस की जमीन कमजोर होती गयी। बात इतनी दूर तक पहुंच गयी कि कांग्रेस के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा। दरअसल लालू यादव के उदय और राजद के मजबूत सामाजिक आधार ने कांग्रेस का वोट बैंक छीन लिया। सवर्ण और दलित वोट एनडीए की ओर चले गये, तो मुस्लिम वोटरों ने राजद में अपना स्थायी ठिकाना बना लिया। स्थिति ऐसी आ गयी कि चुनाव दर चुनाव कांग्रेस का ग्राफ नीचे गिरता गया। अब पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक को बदलाव की उम्मीद से जोड़ा जा रहा है, लेकिन चुनौती बेहद बड़ी है।

### 1990 से पहले कांग्रेस का सुनहरा दौर

आजादी के बाद से लेकर वर्ष 1980 के दशक तक बिहार की राजनीति पर कांग्रेस का दबदबा रहा। वर्ष 1952, 1962 और 1972 के चुनावों में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत पाकर सरकार बनायी। पार्टी का मजबूत जनाधार सवर्ण, दलित और मुस्लिम समुदाय पर आधारित था। उस दौर में कांग्रेस ही बिहार की मुख्य धारा की राजनीति थी और केंद्रीय सोच, यानी सर्व समाज की सियासत करने वाली पार्टी के रूप में पहचान रखती थी। लेकिन 1990 के विधानसभा चुनाव ने बिहार की राजनीति की दिशा बदल दी। उस साल लालू यादव मुख्यमंत्री बने और पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग की राजनीति ने कांग्रेस की जड़ों को हिलाना शुरू कर दिया। कांग्रेस के परंपरागत मुस्लिम वोट बैंक भी लालू यादव की ओर खिसक गया और सवर्ण और दलित कांग्रेस से छिटक लिये। यही वह दौर था, जब कांग्रेस के पतन की शुरुआत हो गयी थी। आज के दौर में कांग्रेस के कोर वोट बैंक मुस्लिम पर राजद का पूरा कब्जा है, वहीं दलित और सवर्ण अब एनडीए के साथ दिखते हैं।

### महागठबंधन में कांग्रेस की स्थिति

इसके बाद तो सियासत पूरी तरह उल्टी दिशा में घूम गयी और कांग्रेस महागठबंधन में 'छोटी पार्टनर' बनकर रह गयी। वर्ष 2015 में राजद-जदयू की जोड़ी ने कांग्रेस को अस्थायी सहारा दिया, लेकिन 2020 में स्थिति फिर कमजोर हो गयी। पार्टी अब सीट बंटवारे में भी 'सम्मानजनक हिस्सेदारी' के लिए संघर्ष करती दिखती है।

### पटना में कांग्रेस की बैठक से उम्मीदें

राजनीति के जानकार कहते हैं कि सीडब्ल्यूसी की बैठक का संदेश साफ है कि बिहार कांग्रेस को पुनर्जीवित करने की कवायद कर रही है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी नेतृत्व इस बैठक के माध्यम से कार्यकताओं को उत्साह देना चाहती है और बिहार में अपनी नयी रणनीति बनाने के साथ ही उस पर आगे बढ़ना चाहती है।

### क्या बिहार में कांग्रेस फिर खड़ी हो सकेगी

हालांकि राजनीति के जानकार मानते हैं कि सिर्फ बैठकों से पार्टी का पुराना जनाधार लौटना मुश्किल है। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती है उसका अपना खोया हुआ वोट बैंक वापस पाना। मुस्लिम समाज पूरी तरह महागठबंधन में उसके अपने ही सहयोगी राजद के साथ है, जबकि सवर्ण और दलित वोट एनडीए में बंट चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस को नये मुद्दे और युवाओं से सीधा जुड़ाव बनाना होगा। अगर रणनीति सही रही, तो पटना बैठक एक नयी शुरुआत हो सकती है।

---


# झारखंड का एकमात्र गांव कोलबेंदी जहां 16 दिनों की होती है दुर्गा पूजा

**दो कलश स्थापना और बलि की 300 साल पुरानी परंपरा**

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जहां पूरे देश में नौ दिन नवरात्रि और 10वें दिन मूर्ति विसर्जन की परंपरा है। वहीं, बोकारो जिला के चास प्रखंड स्थित कोलबेंदी गांव की दुर्गा पूजा पूरे राज्य में अपनी अनोखी परंपरा के लिए जानी जाती है, जहां करीब साढ़े तीन सौ साल से 16 दिनों तक दुर्गा पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है और 17वें दिन प्रतिमा विसर्जन होता है। जिउतिया पर्व के बाद 'बोधन कलश' स्थापना से शुरू होने वाली इस पूजा में पारंपरिक रूप से सिंहदेव परिवार के पुरुष अस्त्र-शस्त्र के साथ देवी को नवपत्रिका के रूप में लाते हैं। यह एक प्राचीन परंपरा है, जो जमींदार ठाकुर किशन देव द्वारा शुरू की गयी थी। पूजा का आरंभ 'अकाल बोधन' या 'बोधन कलश' की स्थापना से होता है, जो मां दुर्गा का असमय आह्वान माना जाता है।

**परंपरागत अनुष्ठान :** महासप्तमी को सिंहदेव परिवार के पुरुष पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र और गाजे-बाजे के



साथ ईजरी नदी से नवपत्रिका के रूप में देवी को पालकी में लाकर मंदिर में स्थापित करते हैं, जो पूजा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंदिर और इसकी पूजा आसपास के गांवों और भक्तों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र है, जहां मन्नत मांगनेवालों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पूजा के दौरान बकरे की बलि दी जाती है।

**ऐतिहासिक महत्व :** यह परंपरा लगभग 350 साल पहले जमींदार ठाकुर किशन देव द्वारा शुरू की गयी थी और तब से चली आ रही है।

कोलबेंदी में होने वाली पूजा राजसिक श्रेणी की मानी जाती है, जिसका उद्देश्य मां दुर्गा के विशेष आह्वान के माध्यम से भक्तों की रक्षा और उनकी मनोकामनाओं की पूर्ति करना होता है।

**दो कलश स्थापना और बलि की परम्परा :** पूजा की शुरुआत कलश स्थापना और बलि की परंपरा से होती है। कृष्ण पक्ष में पहला कलश स्थापित कर बलि दी जाती है और इसके बाद पुनः एक और कलश स्थापना के साथ बलि दी जाती है। यानी यहां दो कलश स्थापना का अनूठा विधान है। षष्ठी को बेलभरन (बेल वृक्ष की पूजा) की जाती है और फिर पूरे 16 दिनों तक प्रतिदिन देवी को खीर का भोग लगाया जाता है।

### अकाल वोधन की मान्यता

मंदिर के पुजारी चंडी चरण बनर्जी बताते हैं कि यहां अकाल वोधन की परंपरा प्रचलित है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण वध से पहले देवी दुर्गा का आह्वान किया था और कृष्ण पक्ष की नवमी से पूजा शुरू की थी। इसी कारण कोलवेंदी गांव में भी उसी दिन से पूजा आरंभ होती है। पुजारी के अनुसार यहां की पूजा में राजसिक (साकाम), तामसिक (आकाम) और सात्विक (निष्काम) तीनों स्वरूपों का संगम देखने को मिलता है।

### कोलवेंदी की अपनी ऐतिहासिक परंपरा

गांव की शुरुआत रामदेव ठाकुर ने की थी, जिन्हें इस क्षेत्र की 14 मौजों की जागीदारी प्राप्त हुई थी। उनके वंशजों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और आज यह सातवीं पीढ़ी द्वारा निभाई जा रही है। वर्तमान दौर में राज परिवार के वंशज राजेश सिंहदेव के अनुसार उनके पूर्वज मूलतः पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के डूमरकोला गांव से आए थे। वहीं से 16 दिवसीय दुर्गा पूजा की परंपरा शुरू हुई थी। जिसे बाद में कोलवेंदी लाकर आगे बढ़ाया गया। यहां दुर्गा मंदिर के साथ-साथ काली, शिव और लक्ष्मीनारायण मंदिर की भी स्थापना की गयी, जहां आज भी वैदिक मान्यताओं के अनुसार पूजा होती है।

---

# चंदवा प्रखंड में मां अंबे की पूजा का है पुराना इतिहास, 90 वर्ष पूर्व 1935 ई. में श्री दुबे जी का गोला में शुरू हुई थी पूजा

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड में शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र पूजन की विशेष परंपरा है। नगर गांव स्थित मां उग्रतारा के प्राचीन मंदिर में सैकड़ों वर्ष पूर्व से अष्टादसभुजी मां उग्रतारा की पूजा हो रही है। नवरात्र में यहां पूरे भारत के लोग पूजन को आते है। मां उग्रतारा लोगों की मन्नतें पूरी करती है। इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण मंडप में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजन का इतिहास भी काफी पुराना रहा है। सभी पूजा पंडाल के साथ कई तथ्य भी जुड़े हुए हैं।

**श्री दुबे जी का गोला :** यह चंदवा शहर की सबसे पुरानी पूजा पंडाल है। यहां 1935 में स्व। शिवव्रत दुबे ने प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गे की पूजा शुरू की थी। 2016 में इसे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समित का नाम दिया गया। अध्यक्ष संजय दुबे, सचिव राजू सिंह व कोषाध्यक्ष अजय वैद्य, संजीव आजाद के नेतृत्व में पूजा भव्य हो रही है। यहां का पंडाल शहर में सर्वाधिक लोगों को आकर्षित करता है। स्वच्छता, शुद्धता तथा शांतोपूर्ण वातावरण में भव्यता के साथ पूजन हेतु समिति प्रतिबद्धता



के साथ इस वर्ष भी लगा है।

**रेलवे स्टेशन टोरी :** 1967 से यहां मां की पूजा अनवरत जारी है। रेलवे अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से पूजा की जाती है। बंगाली परंपरा की छाप यहां दिखती है।

**दुर्गा मंडप हरैया-कामता :** 2000 से यहां मां दुर्गे की पूजा की शुरूआत की गयी थी। दशमी के दिन जतरा की परंपरा तथा रावण दहन कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। भव्य पूजा जारी है।

**दुर्गा मंडल बुध बाजार :** यहां 1972 से लगातार पूजा जारी है। अध्यक्ष, सचिव समेत समिति के लोग तैयारी में लगे है। यहां भी भव्य पूजन जारी है।

**शिव मंदिर थाना टोली :** 2009 में पूजा की शुरुआत की गयी। अध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में युवकों ने पूजा को भव्य रूप देने का संकल्प लिया है। पंडित प्रदीप उपाध्याय के सानिध्य में मां अंबे की पूजा जारी है।

**कइलाखांड़ रूद :** यहां 1998 से मातेश्वरी की पूजा जारी है। दशहरा के दिन जतरा लगता है। चेतर मुखिया रूना देवी के नेतृत्व में पूजा की तैयारी जारी है।

**मां वनशक्ति मंदिर रूद :** 2004 से यहां मां अंबे की पूजा हो रही है। मुखिया समेत बुजुर्गों के मार्गदर्शन में युवकों का दल तैयारी में लगा है। यहां हर वर्ष आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया जाता रहा है।

**महाबीर मंदिर ब्रह्माणी :** यहां 1954 से लगातार पूजा की जा रही है। पंडित जगदीश पांडेय व ग्रामीणों द्वारा इसकी शुरुआत की गयी थी। अब भी परंपरा जारी है।

**दुर्गा मंडप डडैया :** यहां 2008 से मां अंबे की पूजा की जा रही है। पूजा समिति के लोग एवं ग्रामीण पूजा को लेकर जी-जान से लगे हैं।

**दुर्गा मंडप बारी :** यहां करीब 60 वर्षों से शाहदेव परिवार द्वारा पूजा शुरू की गयी है। लाल अरुण नाथ शाहदेव एवं लाल नीलम नाथ शाहदेव के नेतृत्व में इस वर्ष से भी ग्रामीण पूजा को लेकर हर्षित हैं।

**शिव मंदिर रामपुर :** यहां 1983 से माता की पूजा हो रही है। युवकों की टोली तैयारी में लगी है।

**महाबीर मंदिर सेरक :** 1960 में निर्मित इस मंदिर में 1988 से मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। यहां की खासियत है कि इस मंदिर की राग-भोग के लिए 52 एकड़ भूमि दान में मिली है।

**एरूद कीता :** तत्कालीन मुखिया बालेश्वर पाठक उर्फ बालो बाबा द्वारा 1970 में मां अंबे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा प्रारंभ की गयी थी। स्व। पाठक के पुत्र एवं ग्रामीणों की मदद से इस परंपरा का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है।

**देवी मंडप रूद :** बरवाटोली पंचायत के रूद गांव में 1982 से मां दुर्गे की पूजा हो रही है। स्थानीय युवकों के सहयोग से तैयारी जारी है।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.44 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.38 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री आवास में सुरीली झंकार, शिल्पा राव ने कल्पना सोरेन के साथ गाया गाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की बेटी और बॉलीवुड गायिका शिल्पा राव से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका के सम्मान के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की बेटियों ने कई बार राष्ट्रीय मंच पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शिल्पा राव की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस पुरस्कार से झारखंड की युवा पीढ़ियों को अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने शिल्पा राव से कहा कि उन्हें मिला यह सम्मान राज्य का भी सम्मान है और यह उन्हें और राज्य के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

### कल्पना ने ताल से ताल मिला कर गाया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मुलाकात का सबसे खास और यादगार पल तब आया, जब शिल्पा राव ने कल्पना सोरेन के साथ मिलकर गाना गुनगुनाया। इस दौरान कल्पना सोरेन ने ताल से ताल मिला कर गीत में भाग लिया। इससे कार्यालय का माहौल संगीत और उमंग से भर गया। उपस्थित लोगों ने इस आत्मीय और खुशनुमा पल का खूब आनंद लिया और इसका वीडियो और फोटो लेकर इस यादगार मौके को कैद किया।

## दुर्गा पूजा से पहले सिमडेगा के 88,606 लाभुकों के खाते में आयी मंईयां सम्मान योजना की राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा से पहले सिमडेगा के 88,606 लाभुकों को मंईयां सम्मान योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गयी है। प्रत्येक लाभुक को 2,500 रुपये मिले, कुल राशि 22 करोड़ 15 लाख 15 हजार रुपये है। जिला नियोजन पदाधिकारी-सह-प्रभारी समाजिक सुरक्षा कोषांग, आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि राशि दुर्गा पूजा से पहले लाभुकों तक पहुंचाई गयी है। प्रखंडवार लाभुकों की संख्या इस प्रकार है: बानो 12,205, बांसजोर 3,967, बोलबा 3,568, जलडेगा 8,852, केरसई 5,264, कोलेबिरा 9,587, कुरडेग 6,637, पाकरटांड़ 6,014, सिमडेगा 11,869, ठेठईटांगर




14,593 और नगर परिषद क्षेत्र 6,050। भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। लाभुक पंचायत सेवक या प्रखंड कार्यालय से सत्यापन प्रपत्र लेकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

# पेसा रूल बना कर आये सरकार : हाइकोर्ट

- माइनर मिनरल (अल्प खनिज) के आवंटन पर लगी रोक को हटाने से इनकार
- अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेसा कानून की नियमावली तैयार करने को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को एक बार फिर सख्त निर्देश दिये हैं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि हम केवल आदेश देते रहेंगे और सरकार सुनती रहेगी, ऐसा नहीं चलेगा।




अदालत ने सरकार से स्पष्ट रूप से कहा कि अगली सुनवाई से पहले पेसा रूल्स तैयार कर अदालत में पेश किए जायें। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 9 अक्टूबर तय की है। साथ ही, पेसा नियमावली तैयार न होने तक राज्य में माइनर मिनरल (अल्प खनिज) के आवंटन पर लगी रोक को हटाने से भी इनकार कर दिया है। राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पेसा कैबिनेट में आ गया है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वास्थ्य विभाग के टेंडर में हुई अनियमितता की करायें उच्चस्तरीय जांच : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी बुधवार को स्वास्थ्य विभाग में टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। बाबूलाल मरांडी ने अपने पत्र में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग की टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के साक्ष्य मिले हैं। उपलब्ध रिकॉर्ड और सार्वजनिक दस्तावेजों से यह स्पष्ट होता है कि सुनियोजित ढंग से प्रतिस्पर्धा को सीमित कर कुछ खास चुनिंदा लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। यह मामला केवल वित्तीय अनियमितता का नहीं, बल्कि शासन की पारदर्शिता और संवैधानिक सिद्धांतों पर भी गहरा सवाल खड़ा करता है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच आवश्यक है।

एक ही परिवार की तीन कंपनियांनेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक ही परिवार ने एक ही पते पर तीन कंपनियां बना कर पूरे घोटाले को अंजाम दिया। पूरे झारखंड में 11 जिलों के 11 टेंडरों को मैनेज करना केवल तभी संभव है, जब यह पूरा खेल स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में हुआ हो। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल की प्रक्रिया के क्लाउज 29 के अनुसार यदि एक व्यक्ति दो या उससे अधिक कंपनियां बनाकर बिडिंग में हिस्सा लेता है, तो तकनीकी जांच के दौरान ही उसका टेंडर स्वतः निरस्त कर दिया जाना चाहिए, लेकिन यहां तो नियमों को उलटकर अयोग्य कंपनियों को ही योग्य घोषित कर भारी संख्या में टेंडर अवार्ड कर दिया गया। इतने बड़े पैमाने पर यह गोरखधंधा बिना मंत्री के संरक्षण के संभव ही नहीं है। मंत्री इरफान अंसारी ने न केवल अपने विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, बल्कि जानबूझकर अपने खास लोगों को टेंडर बांटे।

उन्होंने कहा कि उपरोक्त तीनों कंपनियां मात्र शेल कंपनियां हैं, जो सिर्फ दिखावे के लिए बनाई गई हैं। वास्तविक लाभार्थी स्वास्थ्य मंत्री से सीधे जुड़े कुछ दूसरे प्रभावशाली लोग हैं। ऐसे में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआइआर) करा कर मुख्यमंत्री पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय निष्पक्ष जांच करायें और दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**बाबूलाल मरांडी ने गिनायीं अनियमितताएं :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी 11 के 11 टेंडर सिर्फ तीन कंपनियों को दिये गये हैं, जिनके नाम हैंड इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, एमएस भारत आर्ट एंड सप्लायर और एमएस ग्लोबल आर्ट एंड सप्लायर है। टेंडर बस चुनिंदा कंपनियों को देना कोई संयोग नहीं, बल्कि हेर-फेर करने का एक सुनियोजित प्रयोग है। इन तीनों कंपनियों का पता एक ही है। इरगू रोड पहाड़ी टोला, रांची, जो इनकी मिलीभगत और फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। तीनों कंपनियों के निदेशक/प्रोप्राइटर एक ही परिवार के सदस्य हैं। ख्वाजा अब्दुल गुदिर अहमद बट, ख्वाजा मोहसिन अहमद और फरहान अहमद बट है। इनमें से ख्वाजा मोहसिन अहमद एक ही समय में दो कंपनियों के निदेशक-प्रोप्राइटर के रूप में दर्ज हैं, जो सभी टेंडरों को रद्द करने का सबसे बड़ा आधार हो सकता था, लेकिन चूंकि पूरा हेरफेर स्वास्थ्य मंत्री के संरक्षण में हुआ। इसलिए इन कंपनियों को हर बार 'टेक्निकली क्वालीफाई' घोषित कर दिया गया। पूरी प्रक्रिया में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की अनदेखी कर सरकारी धन का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया। नियम का उल्लंघन किया गया।

### बाबूलाल ने इन 11 टेंडरों का दिया हवाला

- जीइएम /2024/इ/5748485 (सिविल सर्जन- दुमका)
- जीइएम/2024/इ/5758754 (सिविल सर्जन- रांची)
- जीइएम/2025/इ/5895644 (सिविल सर्जन- जामताड़ा)
- जीइएम/2025/इ/5919778 (सिविल सर्जन-जामताड़ा)
- जीइएम/2025/इ/5920544 (सिविल सर्जन- बोकारो)
- जीइएम/2025/इ/6012458 (सिविल सर्जन- बोकारो)
- जीइएम/2025/इ/6012441 (सिविल सर्जन- बोकारो)
- जीइएम/2025/इ/6013926 (सिविल सर्जन-दुमका)
- जीइएम/2025/इ/6017607 (सिविल सर्जन-देवघर)
- जीइएम/2025/इ/6021839 (सिविल सर्जन-सरायकेला खरसावां)
- जीइएम/2025/इ/6022047 (सिविल सर्जन-जामताड़ा)



## भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

चलकुशा(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौबे में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर दुर्गा मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज़िप सदस्य सविता सिंह, प्रमुख नीतू कुमारी थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार मुखिया कुमार अंशु ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया। कथा प्रारंभ कथा वाचिका देवी अर्चना ने भागवत कथा की आरती कर की। यह कथा 30 सितंबर 2025 तक संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक चलेगी। इस मौके पर पूर्व उप प्रमुख दुर्गा यादव,दीपक चौधरी, दिनेश पांडेय, सुबोध चौधरी, अशोक यादव, भुनेश्वर स्वर्णकार, उदीत राम, धीरज सोनी, संजय पांडेय, गौरी शंकर ठाकुर, प्रभाकर चौधरी, रामकिशोर पांडेय, रामजी चौधरी, प्रदीप चौधरी और सौकडों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 'मां एक योद्धा' थीम पर सजेगा हजारीबाग कालीबाड़ी का पूजा पंडाल

**जय मां काली समिति मना रही है पांचवीं वर्षगांठ**

**गर्भावस्था से लेकर नारी के संघर्ष और शक्ति तक की झलकियों से सजेगा आकर्षक पंडाल**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर का कालीबाड़ी इस बार एक अलग ही रौशनी से जगमगाने वाला है। जय मां काली पूजा समिति अपनी स्थापना के पांच वर्ष पूरे कर रही है और इस मौके पर तैयारियों में न केवल धार्मिक श्रद्धा झलक रही है, बल्कि भव्यता और सामाजिक संदेश का अद्भुत संगम भी देखने को मिलेगा। वर्ष 2021 में गठित महासमिति ने बहुत कम समय में ही खुद को शहर की प्रमुख पूजा समितियों की सूची में शुमार कर लिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद देव और सचिव सत्यजीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत अग्रवाल और टिंकू विश्वकर्मा सहित कई पदाधिकारी और सदस्यों के नेतृत्व में इस बार की तैयारियां अपने चरम पर हैं। बनारस से विशेष रूप से आमंत्रित प्रसिद्ध पुजारी शिवम पाठक, शिवम उपाध्याय विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करायेंगे। उनके साथ सहायक पुजारी के रूप में नवल किशोर पांडे रहेंगे। इस वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट ऊंची बनायी जा रही है। मूर्ति की सुंदरता और आकर्षण देखने योग्य होगी। प्रतिमा पर लगभग एक लाख इक्कीस हजार रुपये का खर्च आ रहा है। पंडाल भी उतना ही भव्य होगा जिसकी ऊंचाई 35 फीट तक रखी गयी है। पंडाल का थीम मां एक योद्धा है। समिति ने इसे विशेष रूप से तैयार कराया है। पंडाल के प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक मां की जीवन यात्रा का चित्रण किया जा रहा है। शुरुआत उस दृश्य से होती है जब कोई महिला गर्भवती होती है और नौ माह तक प्रेम, त्याग और समर्पण के साथ नये जीवन को जन्म देती है। इसके बाद नारी के संघर्ष, उसकी जिम्मेदारियों, समाज में मिलने वाले व्यवहार और अंततः मां के रूप में उसकी शक्ति का भावनात्मक चित्रण सजावटी झांकियों और कलाकृतियों के माध्यम से किया गया है। इस थीम के जरिए समिति यह संदेश देना चाहती है कि एक मां केवल पालनकर्ता ही नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में योद्धा होती है। सभी तैयारियों की मॉनिटरिंग की जा रही ताकि पांचवीं वर्षगांठ का यह आयोजन यादगार और ऐतिहासिक बने।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति और सेवा-भाव से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रीय सेवा योजना युवा शक्ति को सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर करने का एक प्रभावी माध्यम है। स्वयंसेवक अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों से समाज में जागरूकता फैला रहे हैं। हमें गर्व है कि नयी पीढ़ी सेवा-भावना और जिम्मेदारी को आत्मसात कर रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए कार्य करेंगे और मैं नहीं, आप के मूल मंत्र को जीवन में अपनायेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो सुरेश महतो, प्रो फजरुद्दीन, प्रो नरेश कुमार दांगी, डॉ अनु कुमारी, प्रो ऋतुराज, प्रो रंजीत प्रसाद, डॉ ललिता कुमारी, प्रो लालदेव महतो, डॉ पवन कुमार, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, डॉ सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनिता देवी, चंचल प्रसाद मेहता, धानेश्वर महतो, धनु प्रसाद, अंजना कुमारी, जयमनी देवी और मालती देवी सहित अन्य कर्मचारी और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा की 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर कार्यशाला आयोजित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जिला भाजपा के तत्वावधान में बुधवार को आत्मनिर्भर भारत विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह और विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव शामिल हुए। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी और संचालन जिला महामंत्री विजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि मनोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत केवल नारा नहीं, बल्कि संकल्प है, जो देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गांवों से लेकर शहरों तक नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं और युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि हर कार्यकर्ता को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करना चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतीश चंद्रवंशी ने आत्म निर्भर भारत पर प्रकाश डाला। पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी में पार्टी नेता रामनाथ सिंह, सुरेश यादव, महेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, गोपाल कुमार गुतुल, जय प्रकाश राम, जूही दासगुप्ता, जिला मंत्री सुधीर सिंह, सूरज प्रताप मेहता, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष मोदी, अरसद खान, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, प्रमांशु कुमार, नरेंद्र पाल, सुधीर सेठ, द्वारिका राणा, अजय पांडेय, सुनील पंडित, मुकेश राम, सुनील यादव, बिजय राणा, राजेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री संजय शर्मा, पवन सिंह, उत्तम कुमार, यमुना यादव, मनोज साव, नंद किशोर सोनी, महेश रजक, कृष्ण कुमार साव, पारिजात सिंह, सुनील कुमार भारती, नीलकंठ मेहता, नकुल यादव, संजय कुमार पासवान, राजेश कुमार वर्मा, संजय कुमार गुप्ता, चंदन पासवान, उपेंद्र राणा, भारत लाल पांडेय, रवींद्र यादव, सुरेश विश्वकर्मा, सचीन्द्र शर्मा, मुन्ना कुमार बर्णवाल, मुरली मोदी, विक्रम सिंह, राजकुमार तिवारी, निरंजन कसेरा, प्रकाश ठाकुर, सहदेव मोदी, प्रकाश पंडित, नवीन कुमार, रामचंद्र साव, मंटू पंडित, संजय वर्मा, गौरव कुमार, संजय कुमार साव, विनोद यादव, किशोर कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

# विधि व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करें : डीसी

**सोशल मीडिया पर भड़काऊ और अमर्यादित पोस्ट न करें : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** दुर्गापूजा शांति, सौहाद्रपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अधिकांश लोगों ने बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्योहार मनाते हैं और किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं मसलन क्षतिग्रस्त सड़क, बैरिकेटिंग की मांग, पूजा पंडालों में महिला फोर्स की आवश्यकता, आवारा पशुओं से निजात दिलाने, चिकित्सक की व्यवस्था, एंटीवेनम की व्यवस्था कराने, बिजली के तारों का व्यवस्थिकरण, सड़क किनारे सूखे पेड़ की डालियों की कटाई, साफ सफाई, जल जमाव आदि मुद्दों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। डीसी ने कहा कि शान्ति पूर्ण पर्व के संपादन के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस बार जिले में तीन कंट्रोल रूम स्थापित किये जायेंगे। बरही, बड़कागांव और सदर प्रखंड में कंट्रोल रूम संचालित होंगे। सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाये जायेंगे जिसकी मॉनिटरिंग पुलिस के जवान द्वारा की जायेगी। उन्होंने हाइवे से जुड़े थाना क्षेत्रों के अधिकारी डायवर्शन संबधी कार्यों इसकी सूचना आमजनों को देने का निर्देश दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने और अफवाहों पर ध्यान न देकर प्रशासन से खबरों का सत्यापन कराने की बात कही। कहा कि साउंड सिस्टम पर विशेष निगरानी की जायेगी। साउंड सिस्टम में हाई वॉल्यूम पर पाबंदी रहेगी। उपस्थित सभी बीडीओ और थाना प्रभारियों को पूजा पंडाल के सदस्यों से संबंधित पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित करने को कहा। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि सोशल मीडिया साइट पर अफवाह, भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को नहीं करने की बात कही। उन्होंने पूजा समिति को सभी वालंटियर्स की सूची थाना प्रभारी के पास जमा करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने मेला के दौरान असामाजिक तत्वों, नशाखोरों और बाहरी व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

## प्रवासी मजदूर की आंध्र प्रदेश में मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रवासी मजदूर गोविंदपुर कला निवासी मेघलाल महतो की मौत 17 सितंबर को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में हो गया है। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में स्थित एबीसी आइ इन्फ्रास्ट्रूचर कंपनी में कार्य के दौरान डंपिंग यार्ड में उनका पैर फिसल गया, जिससे वह ऊपर से जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर उसकी मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक का शव अपने पैतृक गांव गोविंदपुर कला आने में पांच दिन लग गये, शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। वह परिवार में इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था, उनके चले जाने से बूढ़े माता-पिता, पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों के लालन-पालन की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलते ही जेएलजेएम जिलाध्यक्ष सह विष्णुगढ़ उपप्रमुख सरयू साव ने मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढाढस बढ़ाया और तत्काल कंपनी प्रबंधन से संपर्क कर बच्चो के बेहतर परवरिश और परिवार की भरण पोषण के लिए कंपनी से उचित मुआवजा राशि दिलाया। इस तरह की हो रही लगातार घटनाओं से आहत सरयु साव ने कहा कि रोजी-रोटी की तलाश में गये विदेशों में प्रवासी मजदूरों की लगातार मौते हो रही है, प्रखंड समेत झारखंड के कई ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में लोग दूसरे राज्यो में पलायन करने पर मजबूर है, झारखंड सरकार प्रवासी मजदूरों को लेकर गंभीर नहीं दिख रही हैं, यदि झारखंड सरकार स्थानीय स्तर पर मजदूरों के लिए कोई रोजगार की व्यवस्था करें, तो मजदूरों को काम की तलाश में दूर नही जाना पड़ेगा और उनकी जान भी बच सकेगी। इसलिए राज्य स्तर में मजदूरों के लिए कोई रोजगार की व्यवस्था करें, राज्य में स्थानीय स्तर पर रोजगार की कमी और प्रवासी मजदूरों की लगातार मौतो ने राज्य सरकार की पोल खोल कर रख दी है।

## नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा बुधवार को विधायक सेवा कार्यालय परिसर में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। शिविर के सफल संचालन में डॉ. संजय सिंह और उनकी पूरी मेडिकल टीम का योगदान रहा। टीम ने सुबह से ही शिविर में पहुंचे सैकड़ों लाभार्थियों की आंखों की जांच की, जिनमें दृष्टि जांच, मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगों की पहचान की गयी। डाक्टर संजय सिंह ने कहा कि हमारी टीम ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित यह शिविर वास्तव में सेवा का सच्चा उदाहरण है। ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि, सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं बल्कि समाज की जड़ों तक सेवा पहुंचाना है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, मेरा दृढ़ विश्वास है कि स्वस्थ दृष्टि ही स्वस्थ जीवन और समृद्ध परिवार का आधार है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चन्द्रवंशी, हरिश श्रीवास्तव, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, उपाध्यक्ष शिवपाल यादव समेत कई उपस्थित थे।

# कोडरमा में 2025 में अब तक 78 जोड़ों ने किया कोर्ट मैरिज

## करीब चार साल में 600 लोगों ने कराया है रजिस्ट्रेशन

**विवाह के दो माह के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने पर 575 रु शुल्क और इसके बाद यह शुल्क 825 रु देय है**

सतीश कुमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोर्ट मैरिज कानूनी प्रक्रिया है। इसमें विवाह का पंजीकरण रजिस्ट्रार कार्यालय में होता है। इसके तहत साल 2025 के जनवरी माह से 23 सितंबर तक 156 युवक - युवतियों ने शादी का रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि पिछले करीब चार साल में 600 लोगों ने विवाह का रजिस्ट्रेशन कराया है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक साल 2022 में 126, 2023 में 148 और 2024 में 172 युवक - युवतियों ने विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। बताते हैं कि विवाह के दो माह के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने पर 575 रु शुल्क और इसके बाद यह शुल्क 825 रु देय है। हिंदू मैरिज एक्ट के अनुसार नियमतः रजिस्ट्री कार्यालय में विवाह के लिए वही रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, जिनका विवाह स्थल कोडरमा में या यहां के वर हों। स्पेशल मैरिज एक्ट सेक्शन 5 के तहत युवक, युवती अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा विवाह होता है। जबकि सेक्शन 15 अंतर्गत पूर्व में विवाहित जोड़ों का रजिस्ट्रेशन होता है। इसमें पहले फॉर्म अप्लाई होने पर नोटिस के एक माह बाद शादी होती है। इसकी सूचना पट में सूचना लगाये जाते हैं।

### क्या कहते हैं जिला अवर निबंधक



कोडरमा के जिला अवर निबंधक बिकास कुमार पूछे जाने पर बताते हैं कि कानूनी विवाह के कई क्षेत्र में लाभ है। इनमें मैरिज सर्टिफिकेट स्वास्थ्य संबंधी में जरूरत पड़ने पति - पत्नी का लगता है। इसके अलावा सरकारी कार्यों में दस्तावेज के रूप में लगता है। बैंकों,आर्म्स फोर्सेस में सैलरी में भी जरूरी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा का हजारीबाग सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की टीम ने निरीक्षण किया। बुधवार को सीएचसी पहुंचे अधिकारियों ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का की जानकारी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, गुणवता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों की तैयारियों एवं उनकी भूमिका का जायजा लिया। इस दरम्यान अस्पताल की साफ-सफाई, ओपीडी और सभी वार्ड की व्यवस्था, सीएचसी परिसर की साफ-सफाई, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। केंद्रीय टीमें ने चिकित्सा प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. डॉ रत्ना रानी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। केंद्रीय टीम ने निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य की प्रशंसा किया। कहा कि एक अक्टूबर को बुजुर्ग दिवस है उस दिन अधिक से अधिक बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलवाने में मदद करें। यह अभियान पुरे देश में दो अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर नेशनल स्वास्थ्य प्राधिकरण के पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह, नोडल अधिकारी एसएमपीए कपिल मुनि प्रसाद, डीडीएम दिवाकर अम्बष्ठ, डीपीसी रणधीर प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी कुंज, डॉ रजनीकांत, डॉ कार्तिक उरांव, बीपीएम रंजीत कुमार, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, प्रधान लिपिक सोनी रविदास, भावेश सिंह, अनिल कुमार, सुधीर कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे तीन लुटेरे हथियार के साथ गिरफ्तार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे तीन लुटेरे को हथियार के साथ दबोचा है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि मंगलवार रात्रि गुप्त सुचना मिली कि कुछ हथियारबंद अपराधी बाइक पर सवार होकर कटकमदाग थाना क्षेत्र में लूट कि घटना करने वाले है। उक्त सूचना को गभीरता से लेते हुए एएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में कटकमदाग थाना क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्थानो पर वाहन चेकिंग लगाया गया। इसी क्रम में तीन व्यक्तियों को बाइक सहित पकड़ लिया गया। जबकि एक व्यक्ति बाइक सहित अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तीनों की पहचान मनीष राणा उर्फ मनीष कुमार पिता- कृष्णा राणा, ग्राम कटकमदाग, दीपक कुमार उर्फ दीपक कुमार गुप्ता, पिता अशोक साहू, ग्राम बेलर गडा, थाना कटकमसांडी, दोनों जिला- हजारीबाग और अमन कुमार उर्फ पवन सिंह, पिता अशोक साव, पता ग्राम सुकरीगढ़ा बमनीडीह, थाना-राजरप्पा प्रोजेक्ट, जिला-रामगढ़ बताया। वहीं भागने वाले व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अभिनाश कुमार, पिता कौलेश्वर प्रसाद महतो, पता बनादाग, जिला हजारीबाग बताया। पकड़े गये दीपक कुमार उर्फ दीपक गुप्ता और मनीष कुमार ने बताया कि अभिनाश कुमार तथा राहुल कुमार के साथ मिलकर खीरगांव पेट्रोल पप के कर्मी से पैसे लूटने कि बात स्वीकार की। बरामद सामान एक देशी लोडेड पिस्टल, जिसके मैगजीन को अनलोड करने पर 2 जिंदा गोली, गोली के पेंदे पर झथ 7.65 लिखा हुआ। पेंट के दाहिने पॉकेट से एक सफेद रंग का एप्पल मोबाइल, एक सफेद रंग का अपाचे मोटर साइकिल बरामद हुआ। छापामारी दल में पेलावल इंस्पेक्टर शाहिद रजा, कटकम दाग प्रभारी प्रमोद कुमार राय, बड़ा बाजार प्रभारी पंकज कुमार, लोहसिंघना प्रभारी निशांत केरकेट्टा, पुअनि विक्की ठाकुर, चितरंजन कुमार, बिट्टू रजक के अलावा सशस्त्र बल शामिल थे।

# सड़क में बने गड्ढों को ठीक करने और जल मीनार को चालू करने की मांग को लेकर माकपा का धरना

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** सीपीएम जिला कमेटी ने धरनास्थल पर एक दिवसीय धरना देकर पूजा के पहले शहर के सड़कों की तमाम गड्ढों को भरने और जल जीवन मिशन के तहत जिले में बने 4596 जल मीनारों को तत्काल चालू करवाने की मांग किया। शहर में गड्ढे के कारण प्रतिदिन कई टोटो पलट जाती है जिससे कई लोग घायल हो रहे हैं। इस ओर ना नगर निगम और ना ही नेशनल हाईवे के लोग ध्यान दे रहे हैं। धरने की अध्यक्षता तपेश्वर राम भुइयां ने किया और संचालन ईश्वर महतो ने की। इस अवसर पर जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने कहा कि हजारीबाग शहर जो कभी हजार बागों का शहर हुआ करता था अब गड्ढों का शहर बन गया है। कोई ऐसा सड़क है जिसमें गड्ढे नहीं है। इन गड्ढे के कारण आदमी का चलना मुश्किल हो गया है। दूसरा मामला यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक घरों में नल के माध्यम से स्वच्छ पानी देने की प्रधानमंत्री की की महत्वकांक्षी योजना है। जिसके तहत भारत सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन नाम का एक कार्यक्रम बनाया जिसके तहत 2024( इस योजना को 1 साल के लिए केंद्र सरकार द्वारा विस्तार किया गया है। देश के सभी गांव में रहने वाले ग्रामीणों के घर में नल के माध्यम से प्रति व्यक्ति 55 लीटर स्वच्छ पीने का पानी देना था। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में डीप बोरिंग कर जल मीनार बनाकर मोटर के माध्यम से प्रत्येक घरों में पानी का सप्लाई करना है और योजना का देखरेख 5 साल तक संवेदक को करना है। इस योजना के तहत हजारीबाग जिले के 16 प्रखंडों के लगभग 250 पंचायत के लगभग 13 25 गांव के ग्रामीणों को नल के माध्यम से पानी देना था लेकिन सितंबर 2025 आ जाने के बावजूद अधिकतर गांवों में यह योजना आरंभ नहीं हो पाया है। सदर प्रखंड के प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम चपवा में जलमीनार मार्च 2023 में बनकर तैयार हो गया है और लगभग 150 घरों में नल का कनेक्शन भी हो गया है लेकिन पानी का सप्लाई आज तक नहीं हुआ। धरने के बाद उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया।

## हाथियों ने धान की फसल को किया बर्बाद



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** 25 हाथियों का झुंड और 7 हाथियों के झुंड ने टाटीझरिया में आतंक राज कायम कर रखा है। शाम ढलते ही क्षेत्र के लोगों के चेहरे पर आतंक और दहशत का साया साफ झलक जाता है। मंगलवार को दिन ढलते ही हाथियों ने घुघलिया जंगल से निकलकर कभी भराजो की ओर तो कभी अमनारी की ओर तो कभी घुघलिया की ओर जा रहे थे। इस बीच तीनों तरफ से ग्रामीणों के हुजूम ने उन्हें वापस जंगल की ओर जाने को विवश कर दिया। जंगल के किनारे अवस्थित धान खेत को इनके द्वारा पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। रात होते ही ये फिर से निकलकर गांव की ओर बढ़ने लगे। इसी बीच दोनों वन प्रमंडल के वनपाल और हाथियों को भगाने वाली टीम पहुंचे और उन्हें भगाया जाने लगा। इस क्रम में वे केसड़ा, डहरभंगा, टाटीझरिया होते हुए एन एच 522 को पार कियं। हालांकि अब भी वे प्रखंड क्षेत्र के हटवे जंगल में शरण लिए हुए हैं। जाते - जाते हाथियों को जहां जो फसल मिला, चारदीवारी मिला सबों को नष्ट करते, ध्वस्त करते आगे बढ़ते गये। डहरभंगा में सैनाथ साव और शंभू साव के चारदीवारी को गिरा दिया तो सुदर्शन सिंह, महेश यादव, श्याम यादव समेत कई भाराजो निवासी बसंत प्रजापति किसानों के धान की फसल को नष्ट कर दिया। प्रभावित किसानों ने वन विभाग और अंचल अधिकारी से मुआवजे की मांग किया है।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
Line Tank Road, Old Police Line, Ranchi-834001
0651-2214712, (CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 04/ 2025-26**

**Letter No.- CE/3943/589** **Date: 24.09.2025**

Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi (JPHCL) invites Percentage rate bids for various Construction/Repair/ Renovation works in the state of Jharkhand from eligible Contractors, registered in appropriate class with Jharkhand Police Housing Corporation Limited. Bid document with detailed terms and conditions, name of work, approximate value of work, cost of BOQ, earnest money and period of completion will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 25.09.2025 at 11:00 AM to 15.10.2025 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 15.10.2025 Bids received online will be opened at/after 11:00 AM on 17.10.2025.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

# कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने का विरोध, रामगढ़ में निकला जुलूस

**राष्ट्रपति के नाम डीसी को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र**

**आदिवासियों के संवैधानिक हक अधिकारों, राजनीतिक हिस्सेदारी और आरक्षण में बंटवारे पर लगायें रोक**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** कुड़मी, कुरमी जाति समुदाय द्वारा आदिवासी समाज में शामिल होने के विरोध में बुधवार को आदिवासी छात्र संघ के तत्वावधान में विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च शहर के बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हु मैदान से आरंभ होकर कैथा, कोठार होते हुए छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय पहुंचा। इस दौरान पूरे शहर की यातायात व्यवस्था कुछ घंटे के लिए ठप पड़ गयी। लोग इधर-उधर जाते दिखे।

यहां समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम डीसी को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि कुड़मी, कुरमी जाति द्वारा हमारे मूल आदिवासी की संवैधानिक हक अधिकार राजनीतिक हिस्सेदारी, प्रतिनिधित्व आरक्षण, नौकरी और जमीन पर हकमरी करने के लिए आदिवासी, अनुसूचित जनजाति बनने की अनुचित दावों पर तत्काल रोक लगाया जाये, कुड़मी, कुरमी के द्वारा अनुचित राजनीतिक दवा बनाकर आदिवासी सूची में शामिल होने की मांग या षड्यंत्र पर अभिलंब रोक लगाया जाये और आदिवासियों के लिए निर्धारित विशेष संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत सलाह भारत सरकार को दिया जाये, हम आदिवासियों को संविधान द्वारा प्रदत विशेष कानून और अधिकारों को कमजोर करने वाली जैसी भी कोशिश अथवा दुरुपयोग को रोकने के लिए एक स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाये, चुआड़ विद्रोह में रघुनाथ महतो, कॉल विद्रोह में बुली महतो और संथाल विद्रोह में चनकू महतो जैसे नाम के कुछ नायकों को आदिवासी समुदाय के ऐतिहासिक संघर्ष और योगदान को कुड़मी, कुरमी जाति के लोग द्वारा अपने इतिहास में प्रस्तुत करने की साजिश को रोक लगाया जाये, कुड़मी, कुरमी जाति समुदाय द्वारा आदिवासी जनजाति एसटी बनने की मांग को लेकर असंवैधानिक और अनुचित तरीके से रेल टेका डहर छेका कार्यक्रम के द्वारा रेल परिचालन रोकने, सरकारी राजस्व की हानि पहुंचाने जैसे कानूनी कार्यों में शामिल लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाये, कुड़मी, कुरमी जाति अधिकांश लोग परंपरागत रूप से कृषि कार्य से जुड़ा है, हिंदू धर्म के अनुसार कुड़मी, कुरमी हिंदुओं की एक जाती है कुड़मी, कुरमी भारत सरकार के प्राचीन कृषि जाति के रूप में जाना जाता है और यह लोग अपने छत्रपति शिवाजी महाराज, छत्रपति संभाजी महाराज के वंशज कल आते हैं जो उच्च कोटि कुड़मी, कुरमी जाति से आते है, गलत हुआ फर्जी इतिहास बता कर एसटी बनने की मांग करता है जो अनुचित है इसे रोक लगाया जाये मांग शामिल है।

## डीटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की हालिया बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार, बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी यादव ने वशिष्ठनगर थाना के मुख्य गेट के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ पर घंटों सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान ऑटो, बाइक, सवारी वाहन सहित दो दर्जन वाहनों से कुल 35 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने हेलमेट, वाहन के कागजात, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मालवाहक वाहनों के चालान और ओवरलोडिंग के मामलों में सख्ती बरता। वाहन दस्तावेजों और चालकों के लाइसेंस की जांच करते हुए लगातार परामर्श भी दिया गया। बाइक सवारों के हेलमेट की जांच के दौरान, इसके उपयोग की अनिवार्यता को लेकर चालकों को समझाने का प्रयास भी किया गया।

## डीडीसी ने पतरातू की योजनाओं का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ डीडीसी आशीष अग्रवाल शुक्रवार को पतरातू प्रखंड के पालू पंचायत के कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इसके तहत उन्होंने सबसे पहले पालू पंचायत सचिवालय में मनरेगा और आवास संबंधी पंजी और संचिकाओं को देखा। इसके बाद ग्राम किरीगढ़ा में बागवानी मिशन के तहत लगाए गये आम बागवानी का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने आम का एक पौधा भी लगाया। इसके बाद पतरातू प्रखंड के सभागार में आकर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और प्रखंड स्तरीय बैंकर्स के साथ बैठक में कई दिशा निर्देश दिया। बैठक के बाद डीडीसी ने सीएचसी में मरीजों को मिल रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। और प्रखंड परिसर में निमार्णाधीन प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल को भी देखा। इस मौके पर पतरातु बीडीओ मनोज गुप्ता, पालू पंचायत के मुखिया पानो देवी, मनरेगा बीपीओ महेश प्रसाद, आवास विभाग के समन्वयक नीलकमल सहित जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि शामिल थे।

## भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा ने किया पोस्टर विमोचन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के पदाधिकारियों ने नई सराय स्थित रॉयल एनफील्ड शोरूम के सभागार में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर पोस्टर विमोचन के साथ जानकारी दी। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य संयोजक गोविंद मेवाड़ ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए वृहद रूप से तैयारी की जा रही है। इसे लेकर समारोह का पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के समाजसेवी पवन अग्रवाल उपस्थित हुए है। वही, मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का यह कार्यक्रम बहुत ही प्रशंसनीय है और समाज के जरूरतमंद अंतिम व्यक्तितक पहुंचकर समाज में दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए यह सामूहिक विवाह समारोह मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम संयोजक गोविंद मेवाड़ ने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि इस सामूहिक विवाह के सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को अहम जिम्मेदारी दी गयी। प्रेस कांफ्रेंस में भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, मंत्री सरदार मनमोहन सिंह लांबा, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, उमेश राजगढ़िया, पूर्व मंत्री रंजीत चौधरी महिला सहभागिता पूनम सिंह आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में हो रहा राज्य का सबसे बड़ा खेल महोत्सव : सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड राज्य का सबसे बड़ा खेल महोत्सव हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में हो रहा है। पिछले तीन महीनों से लगातार जारी फुटबॉल टूर्नामेंट संसदीय क्षेत्र के 22 प्रखंडों में चल रहा है। 18 प्रखंडों में तो यह टूर्नामेंट खत्म हो चुका है। उक्त बातें बुधवार को होटल शिवम इन के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा से मुक्ति दिलाने और गैर जरूरी कार्यों से हटकर उन्हें खेल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। फुटबॉल टूर्नामेंट में ही लगभग 2500 से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत किया। इनके विजेता और उपविजेताओं का फाइनल मैच मेगा इवेंट के रूप में आम नागरिकों के बीच प्रस्तुत किया जायेगा। हजारीबाग और रामगढ़ जिले में अलग-अलग मैच होंगे। अब इस टूर्नामेंट में पांच कन्वेंशनल गेम को जोड़ा गया है। इसमें क्रिकेट, चेस, पिट्ठू, आर्चरी, रस्सा-कशी, योग आदि शामिल हैं। इन खेलों में भाग लेने के लिए वेबसाइट से ऑनलाइन ही लोगों को आवेदन देना होगा। फुटबॉल और इन सभी खेलों को मिलाकर लगभग 50000 से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने का प्रयास है। मेगा फाइनल मैच 25 दिसंबर 2025 को खेला जाएगा। इस दिन पूरा संसदीय क्षेत्र पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेगा।

**ये थे उपस्थित**

प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजन फौजी, राजीव जायसवाल, अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, धनंजय कुमार पुटूस, राजेश ठाकुर, ब्रजेश पाठक, दीपक सोनकर, रॉबिन गुप्ता, आलोक सिंह आदि उपस्थित थे।

### सांसद और विधायक की पहल पर मामला सुलझा

## परिजनों को 18 लाख मुआवजा और नौकरी मिली

**श्रीराम फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता के बाद गेट से हटा शव, हुआ अंतिम संस्कार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** श्रीराम फैक्ट्री, मुरपा में बीते दिन क्लीन प्लेटफॉर्म कार्य के दौरान आग से झुलसे इलाजरत कर्मी नेतलाल ठाकुर की मौत मामले में मंगलवार देर शाम फैक्ट्री परिसर में वार्ता हुई। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल, विधायक तिवारी महतो, फैक्ट्री प्रबंधन, पुलिस - प्रशासन, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता- कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण - परिजन शामिल रहे। इससे पूर्व, घटना की सूचना पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, मांडू विधायक तिवारी महतो, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने फैक्ट्री गेट पर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों की मुआवजा व नौकरी की मांग के मामले फैक्ट्री प्रबंधन के साथ वार्ता किया। अंततः पांच घंटे लंबी चली वार्ता के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने मृतक के आश्रित को मुआवजे के तौर पर 18 लाख रुपया, एक नौकरी और पेंशन देने की सहमति जतायी। साथ ही, फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इलाजरत सभी घायल मजदूरों का रांची में समुचित इलाज कराने, हर माह सैलरी देने की बात कही गयी। वहीं, मृतक के पुत्र रवि ठाकुर को नगद डेढ़ लाख रुपया सहित साढ़े 16 लाख रुपये को बैंक खाते में जमा किया गया। मुआवजा राशि मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने मृतक का शव फैक्ट्री गेट से उठाकर आंदोलन समाप्त किया। इधर, मुरपा स्थित श्मशान घाट पर नेतलाल ठाकुर का शव का अंतिम संस्कार किया। वहीं, इकलौते पुत्र रवि ठाकुर ने मुखाग्नि दी। वार्ता के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों का हो रहे घोर उल्लंघन और कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी के मामले और हुए हादसे को लेकर प्रबंधन पर जमकर बरसे। साथ ही, जिला प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वार्ता में प्रबंधन की ओर कर्नल सिन्हा, एडी रविंद्र राव, सीओ तृप्ति विजया कुजूर, बीडीओ अमित कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, गुलजार अंसारी, प्रवीण मेहता, रवि महतो, रूपा महतो, लीलावती देवी, राजीव जायसवाल, गीता देवी, राजकुमार ठाकुर, रियाज अंसारी, नरेश महतो, मुखिया राकेश मेहता उर्फ रॉक, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, विकास चंद्र पटेल, राजू चतुर्वेदी, शंभूलाल ठाकुर, रतन प्रसाद साहू, तेजनाथ महतो, मिथिलेश महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

# सांसद मनीष जायसवाल ने निकाली जीएसटी बचत उत्सव पदयात्रा




**त्योहारों का बंपर गिफ्ट है जीएसटी में कटौती, हर परिवार होगा लाभान्वित : मनीष जायसवाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी के नये स्लैब को लागू कर त्योहारों का बंपर गिफ्ट आम जनता को दे दिया है। अब हर घर में जरूरी सामान की खरीददारी पर भी बड़ी बचत हो रही है। उक्त बातें बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कही। उन्होंने विरोधी दलों को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी से पहले कई तरह के टैक्स और वैट देश में लागू थे, जो अधिकतम 25 प्रतिशत तक होते थे। इसके अलावा व्यापारी सभी कार्यालयों में शोषित होते थे। जीएसटी ने इस लचर व्यवस्था को खत्म किया था। अब जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत ही रह गये हैं। इसके अलावा कई जरूरी सामानों पर 0 प्रतिशत टैक्स कर दिया गया है।

प्रेस कांफ्रेंस से पहले उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव पदयात्रा निकाली और आम जनता को जागरूक किया। उन्होंने आम नागरिकों से खरीदारी से पहले दुकानदार को नयी जीएसटी स्लैब पर ही बिल बनाने की मांग करने को कहा। इस दौरान वे दुकानदारों से भी मिले और उन्हें नये जीएसटी के आधार पर ही सामान बेचने की अपील की।

**जरूरी सामान हुआ सस्ता, लग्जरी आइटम के दाम हुए कम :** सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जीएसटी के नई स्लैब ने जरूरी सामान को सस्ता कर दिया है। साथ ही लग्जरी आइटम के दाम में भी भारी कटौती हुई है। मध्यम वर्ग राशन दुकान में भी जायेगा तो उसे इसका फायदा जरूर होगा। यहां तक की दवाइयों और इलाज में भी आम नागरिकों को फायदा मिल रहा है।

**22 सितंबर के क्लोजिंग स्टॉक पर सेल्स टैक्स देगा रिबेट**

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कुछ दुकानों में जनता को परेशानी होने की सूचना मिली थी। स्पष्ट है कि 22 सितंबर तक दुकानदार के स्टॉक में जितना समान होगा, सेल टैक्स उसपर डिफरेंस टैक्स का रिबेट देगा, ताकि दुकानदारों को भी इसका नुकसान न भरना पड़े।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्या: 23433 दिनांक - 24/09/2025 मैं, फुनवा देवी पति लक्ष्मण राम, उम्र लगभग 61 वर्ष, निवासी ग्राम- असधीर, पोस्ट- लुपूँग, थाना- कटकमसांडी, जिला- हजारीबाग, झारखण्ड, की निवासी हूँ, मैं शपथपूर्वक ब्यान करती हूँ कि :-
1. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 2255 2367 1497 में मेरा नाम FUNWAN DEVI अंकित है।
2. यह कि मेरे वोटर आईडी कार्ड संख्या ERX0402685 में मेरा नाम FUNUWA DEVI अंकित है, जो सही है। 3. यह कि FUNWAN DEVI वो FUNUWA DEVI दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूँ।
4. यह कि मेरे उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम मेरे वोटर आईडी कार्ड के अनुसार सुधार कर FUNUWA DEVI अंकित कर दिया जाए, जिसके वास्ते यह शपथ पत्र दे रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है।

**न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कटक**
**सिविल प्रक्रिया संख्या 464/2023**
**राकेश गुप्ता .......याचिकाकर्ता**
**वनाम**
**प्रिय कुमारी .......प्रतिवादी**

**सूचना आदेश-5, नियम-20(1ए), सीपीसी, 1908 के अंतर्गत श्रीमान संदीप गुप्ता, स्थान/पोस्ट-सोहेबगंज, झारखन्ड के लिए सूचना दी जाती हे कि याचिकाकर्ता ने उपरोक्त वर्णित सिविल प्रक्रिया दायर की हे, जिसमें दिनांक 12.03.2025 को सम्पूर्ण विभाग को हिंदू विभाग अधिनियम 1955 की भाग 13 के तहत डिक्री द्वारा भंग करने का निवेदन किया गया हे, इस सिविल प्रक्रीया में आपको आवश्यक पख्यकार के रूप में छोड़ा गया हे एनवीसीविल प्रक्रिया का समन आपको दो वार दोनों माध्यमों में भेजा गया था, लेकिन वह सेवा न हो पाने के कारण आपस आ गया.**
**अत: आपको निर्देश दिया जाता हे कि आप इस माननीय न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप में या अपने अधीकृत अधिवक्ता के माध्यम में प्रात: 10.30 बजे 15.10.2025 को उपस्थित हो। वरना, यह सिविल प्रक्रिया आपकी अनुपस्थिति में विधि आनुसार सुनवाई कर निपटाई जाएगी।**
**न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर में जारी**
**Sd-**
**न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कटक**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना सं.-**
**पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीईएन-डीओएस-04**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) ई.निविदा सं.–** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–डीओएस–04, **कार्य का नाम:** उप मु.अभि./नि.डी.ओ.एस. के अधिकारक्षेत्र के अंतर्गत डीडीयू से इलाहाबाद के बीच तीसरी लाइन (किमी 673.500 से किमी 677.280) से सम्बन्धित शेष कार्य–पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और फैलाव, स्थायी मार्ग को जोड़ना, पी.वे सामग्री जैसे रेल, स्लीपर, फिटिंग, तटबंध में मिट्टी का काम, संघनन, ब्लैकेटिंग, टर्फिंग, आरयूबी का निर्माण, छोटे पुलों, प्रमुख पुलों का निर्माण और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए, **अंकित मूल्य (रू.):** 635166221.04, **बोली प्रतिभूति (रू.):** 3325800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04.10.2025, 11:30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्रय होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**उप मुख्य अभियंता/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, डेहरी ऑन सोन**
पीआर/1008/सीओएन. डीओएस/ईएनजी/टी/25–26/48

**रांची मंडल में 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल और ट्रॉलियों का आवंटन**

**रांची मंडल में 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत हस्तशिल्प/कलाकृतियों, वस्त्रों और हथकरघा उत्पादों, पारंपरिक परिधानों तथा स्थानीय कृषि उत्पादों/संसाधित/अर्ध-संसाधित खाद्य पदार्थों को बेचने/बढ़ावा देने हेतु 15-15 दिनों के रोलिंग स्पेल के लिए स्टॉल और ट्रॉलियों का आवंटन किया जा रहा है।**

**सूचना संख्या: सी/आरएनसी/कैट. यूनिट/ओएसओपी/25** **दिनांक: 22.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके बिहाफ पर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, निम्नलिखित श्रेणियों से पात्रता दस्तावेजों और संपर्क नंबर के साथ आवेदन आमंत्रित करते हैं: (क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा या संबंधित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर आईडी कार्ड धारक। (ख) भारत लिमिटेड (TRIFED)/नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NHDC)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) आदि में नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। (ग) PMEGP (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। (घ) समाज के सीमांत या कमजोर वर्ग। (ङ) MSME मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों और गैर-सरकारी संगठनों से जुड़े व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि। (च) सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के निकायों आदि से जुड़े व्यक्ति/कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि। हालांकि, 15 दिनों के रोलिंग स्पेल के लिए कोई अलग लोगो (Logo) की अनुमति नहीं होगी। ₹एक स्टेशन एक उत्पाद₹ के नियमों और शर्तों, स्टॉल के स्थान, पंजीकरण शुल्क आदि के संबंध में अधिक विवरण और जानकारी के लिए संबंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधकों से संपर्क किया जा सकता है या कृपया वेबसाइट **WWW.SER.Indianrailways.gov.in** पर विजिट किया जा सकता है। आवेदनों की जांच और मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन, मौजूदा नियमों के अनुसार आगे की प्रक्रिया के लिए उसी दिन सीसीआई (CCI) और वरिष्ठ SO (A/C) की उपस्थिति में स्टेशन प्रबंधक के कक्ष में किया जाएगा। जांच के बाद ओएसओपी (OSOP) नीति के तहत आवेदनों को, स्थायी समिति अनुमोदन के लिए सभी इच्छुक लाभार्थियों के नाम वरिष्ठ डीसीएम (Sr. DCM) को भेजेगी और एक प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। सभी अनुमोदित आवेदकों की प्राथमिकता सूची संबंधित स्टेशनों के एसएमआर (SMR)/सीसीआई (CCI) द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ के माध्यम से बनाई जाएगी और एक स्पेल में अधिकतम 15 दिनों की अवधि के लिए प्राथमिकता सूची के आधार पर आवंटन किया जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक प्राथमिकता सूची के सभी आवेदक समाप्त नहीं हो जाते। आवेदन जमा करने का स्थानः संबंधित रेलवे स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधकों के कार्यालय के बाहर रखे गए निर्दिष्ट ड्रॉप बॉक्स में। विवरण इस प्रकार हैः

| स्टेशन | स्थान | प्रति स्टॉल पंजीकरण शुल्क | संपर्क करने वाला अधिकारी और फोन नंबर | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | आवेदन खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची रेलवे स्टेशन (स्टॉल-2) | प्लेटफ़ॉर्म सं. 2 एवं 3 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/आरएनसी मो. नं. 9771484773 | 06.10.2025 को 11:00 बजे | 06.10.2025 को 12:00 बजे |
| मुरी रेलवे स्टेशन (स्टॉल-1) | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/मुरी मो. नं. 9771484585 | 09.10.2025 को 10:30 बजे | 09.10.2025 को 11:30 बजे |
| मुरी रेलवे स्टेशन (स्टॉल-2) | प्लेटफ़ॉर्म सं. 2 एवं 3 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/मुरी मो. नं. 9771484585 | 09.10.2025 को 10:30 बजे | 09.10.2025 को 11:30 बजे |
| रांची रेलवे स्टेशन | ट्रॉली प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/आरएनसी मो. नं. 9771484773 | 07.10.2025 को 11:00 बजे | 07.10.2025 को 12:00 बजे |
| | ट्रॉली प्लेटफ़ॉर्म सं. 2 एवं 3 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | | 07.10.2025 को 11:00 बजे | 07.10.2025 को 12:00 बजे |
| | ट्रॉली प्लेटफ़ॉर्म सं. 4 एवं 5 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | | 07.10.2025 को 11:00 बजे | 07.10.2025 को 12:00 बजे |
| बालसिरिंग रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/बीएलआरजी मो. नं. 9771448906 | 08.10.2025 को 11:00 बजे | 08.10.2025 को 11:30 बजे |
| लोधमा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एलओएम मो. नं. 9771448907 | 08.10.2025 को 15:00 बजे | 08.10.2025 को 15:30 बजे |
| लोहरदगा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 1,000.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एलएडी मो. नं. 9771484921 | 11.11.2025 को 11:00 बजे | 11.11.2025 को 11:30 बजे |
| गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जीबीएक्स मो. नं. 9771452416 | 10.10.2025 को 11:00 बजे | 10.10.2025 को 11:30 बजे |
| पोकला रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/पीकेएफ मो. नं. 9771459156 | 13.10.2025 को 11:00 बजे | 13.10.2025 को 11:30 बजे |
| नामकुम रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एनकेएम मो. नं. 9771452918 | 23.10.2025 को 10:30 बजे | 23.10.2025 को 11:00 बजे |
| कुरकुरा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/केआरकेआर मो. नं. 9771452418 | 14.10.2025 को 11:00 बजे | 14.10.2025 को 11:30 बजे |
| बानो रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/बीएएनओ मो. नं. 9771457215 | 17.11.2025 को 11:00 बजे | 17.11.2025 को 11:30 बजे |
| ओरगा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ओआरजीए मो. नं. 9771448918 | 30.10.2025 को 11:30 बजे | 30.10.2025 को 12:00 बजे |
| अर्गोरा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | सीसीआई/आरएनसी मो. नं. 9771484967 | 15.10.2025 को 11:00 बजे | 15.10.2025 को 11:30 बजे |
| रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/आरएमटी मो. नं. 9771456518 | 15.10.2025 को 11:00 बजे | 15.10.2025 को 11:30 बजे |
| किटा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/केआईटीए मो. नं. 9771448913 | 16.10.2025 को 11:00 बजे | 16.10.2025 को 11:30 बजे |
| सिल्ली रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एसएलएफ मो. नं. 9771456218 | 08.10.2025 को 11:00 बजे | 08.10.2025 को 11:30 बजे |
| गोला रोड रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जीआरई मो. नं. 9771484771 | 16.10.2025 को 15:00 बजे | 16.10.2025 को 15:30 बजे |
| टुलिन रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीएचओ मो. नं. 9771484558 | 14.10.2025 को 11:30 बजे | 14.10.2025 को 12:00 बजे |
| झाल्दा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जेएए मो. नं. 9771459098 | 07.10.2025 को 11:00 बजे | 07.10.2025 को 11:30 बजे |
| सुइसा रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/सुइसा मो. नं. 9006465525 | 03.11.2024 को 11:30 बजे | 03.11.2024 को 12:00 बजे |
| तोरंग रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीआरएएन मो. नं. 9732122760 | 09.10.2025 को 11:30 बजे | 09.10.2025 को 12:00 बजे |
| इटकी रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/आईटीकेवाई मो. नं. 9771484957 | 16.10.2025 को 10:30 बजे | 16.10.2025 को 11:00 बजे |
| पिस्का रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/पीआईएस मो. नं. 9771448924 | 16.10.2025 को 15:00 बजे | 16.10.2025 को 15:30 बजे |
| टाटीसिलवाई रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीआईएस मो. नं. 9771484791 | 08.10.2025 को 11:00 बजे | 08.10.2025 को 11:30 बजे |
| टांगारबंसली रेलवे स्टेशन | प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 | ₹ 500.00 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीजीबी मो. नं. 9771468968 | 10.11.2025 को 15:00 बजे | 10.11.2025 को 15:30 बजे |

**टिप्पणी:** यदि कोई आवेदक रांची मंडल के किसी अन्य स्टेशन/प्लेटफ़ॉर्म पर स्टॉल/कियोस्क/पोर्टेबल ट्रॉली स्थापित करना चाहता है, तो वह संबंधित स्टेशनों के निकटतम स्टेशन प्रबंधक से भी परामर्श कर सकता है और किसी भी सहायता के लिए वरिष्ठ डीसीएम कार्यालय/रांची से संपर्क कर सकता है।

**(PR-658)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# मूर्ति नहीं, पार्क बनायें

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व सीएम एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने की राज्य सरकार की याचिका खारिज करते हुए सवाल किया कि आप सार्वजनिक धन का इस्तेमाल अपने नेताओं का गुणगान करने के लिए क्यों कर रहे हैं। यह सवाल असल में सभी राज्यों और राजनीतिक दलों के लिए है, और यह भी कि क्या किसी सार्वजनिक हस्ती की विरासत को केवल मूर्तियों के जरिये ही संजोया जा सकता है?

**ट्रैफिक पर असर :** तमिलनाडु सरकार ने तिरुनेलवेली जिले में मूर्ति लगाने की इजाजत मांगी थी। इससे पहले मद्रास हाइकोर्ट से याचिका खारिज हो चुकी थी और सुप्रीम कोर्ट ने उससे राहत नहीं दी। दोनों अदालतों में यह प्वॉइंट हाइलाइट हुआ कि सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियों के निर्माण से किस तरह ट्रैफिक बाधित होता है। आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

**सुप्रीम रोक :** अहम बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट 2013 के एक आदेश के जरिये पहले ही कह चुका है कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों वगैरह पर मूर्तियां या कोई अन्य निर्माण नहीं किया जा सकता है। तब केरल के तिरुवनंतपुरम में एक नैशनल हाइवे पर मूर्ति लगाने से रोकते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि सरकार का हर कदम जनता के कल्याण के लिए होना चाहिए। इस आदेश के बावजूद बार-बार ऐसे केस अदालतों के सामने आ रहे हैं, जो वक्त की बर्बादी है।

**भारत में सार्वजनिक हस्तियों, नेताओं की मूर्तियों का मामला विरासत से अधिक राजनीतिक होता है। मूर्तियों के जरिये खास तबकों और समुदायों को संदेश देने की कोशिश की जाती है। इसका इस्तेमाल प्रायः चुनावी फायदों के लिए किया जाता है।**

**पार्क का सुझाव :** इस कड़ी में मद्रास हाइकोर्ट का सुझाव गौर करने लायक है। कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार नेताओं के नाम से पार्क बना सकती है। इससे युवाओं को अपने नेताओं के बारे में जानने और उनकी विचारधारा को समझने का ज्यादा बेहतर मौका मिलेगा। अभी जो मूर्तियां जगह-जगह लगी हैं, उन्हें भी ऐसे पार्क में शिफ्ट किया जा सकता है। हरियाली की कमी से जूझ रहे शहरों में ऐसे पार्क खुली जगह और ताजी हवा का केंद्र बन सकते हैं।

**राजनीतिक मामला :** भारत में सार्वजनिक हस्तियों, नेताओं की मूर्तियों का मामला विरासत से अधिक राजनीतिक होता है। मूर्तियों के जरिये खास तबकों और समुदायों को संदेश देने की कोशिश की जाती है। इसका इस्तेमाल प्रायः चुनावी फायदों के लिए किया जाता है। लेकिन सच तो यह है कि देश को मूर्तियों से ज्यादा सार्वजनिक सुविधाओं की जरूरत है। इसलिए टैक्सपेयर्स के पैसों का उपयोग किसी का महिमामंडन करने के बजाय सड़कों और पार्कों की हालत सुधारने में किया जाना चाहिए। इससे उन नेताओं के विचारों को फैलाने में ज्यादा मदद मिलेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

अमेरिका की सरकार हर साल विभिन्न कंपनियों को 65-85 हजार एच-1बी वीजा उपलब्ध कराती है, जिनकी मदद से कंपनियां विदेशों से कुशल कामगारों को नौकरी दे सकती हैं। इनके अतिरिक्त एडवांस डिग्रीधारकों के लिए अमेरिकी सरकार की ओर से 20 हजार अतिरिक्त वीजा कंपनियों को दिये जाते हैं। यह वीजा तीन साल के लिए मान्य होता है और इसे अगले तीन वर्षों के लिए रिन्यू कराया जा सकता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा भारतीयों को मिल रहा था, जो पूरे वीजा कोटा का 73 प्रतिशत तक हासिल कर लेते हैं।

# क्यों हुई एच-1बी वीजा की शुरुआत

अभिषेक प्रताप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा के आवेदन शुल्क में बड़ा बदलाव करते हुए इसे 15 गुना तक बढ़ा कर एक लाख डॉलर यानी लगभग 90 लाख रुपये करने का फैसला किया है। अब तक ये फीस कंपनियों की कैटेगरी के मुताबिक 2000 डॉलर से लेकर 5000 डॉलर के बीच रहती थी। इसके बाद भारत से लेकर अमेरिका तक खलबली मच गयी है।

अमेरिका जाने की तैयारी में जुटे भारतीयों को ट्रंप के इस फैसले से काफी झटका लगा है। ऐसे में एक बार फिर एच-1बी वीजा को लेकर बहस छिड़ गयी है। वीजा का मामला अक्सर विवादों में रहा है। एच-1बी कार्यक्रम की शुरूआत 1990 में हुई थी। इसे अमेरिका के आव्रजन अधिनियम के तहत बनाया गया था।

**हर कंपनियों को इतने एच-1बी वीजा उपलब्ध कराती है अमेरिकी सरकार :** अमेरिका की सरकार हर साल विभिन्न कंपनियों को 65-85 हजार एच-1बी वीजा उपलब्ध कराती है, जिनकी मदद से कंपनियां विदेशों से कुशल कामगारों को नौकरी दे सकती हैं। इनके अतिरिक्त एडवांस डिग्रीधारकों के लिए अमेरिकी सरकार की ओर से 20 हजार अतिरिक्त वीजा कंपनियों को दिये जाते हैं। यह वीजा तीन साल के लिए मान्य होता है और इसे अगले तीन वर्षों के लिए रिन्यू कराया जा सकता है। इसका सबसे ज्यादा फायदा भारतीयों को मिल रहा था, जो पूरे वीजा कोटा का 73 प्रतिशत तक हासिल कर लेते हैं।

**एच-1बी वीजा नियोक्ता प्रायोजित होता है और धारक को गैर-आव्रजक का दर्जा देता है।**

**एच-1बी वीजा के लिए क्यों होता रहता है विवाद :** एच-1बी वीजा नौकरी की प्रतिस्पर्धा, वेतन में कमी और आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा अमेरिकी कर्मचारियों की जगह सस्ते विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने के दुरुपयोग की चिंताओं के कारण विवादों को जन्म देता रहा है।

आलोचक वीजा धारकों के लिए शोषण के जोखिम और ग्रीन कार्ड के लंबित मामलों पर जोर देते हैं, जबकि समर्थक आर्थिक योगदान और नवाचार पर जोर देते हैं। कम वीजा सीमा और आव्रजन संबंधी बहस तनाव को और बढ़ा रही है, जिससे सुधारों पर ध्रुवीकृत विचार सामने आ रहे हैं। समय-समय पर अमेरिका सरकार इस पर सख्त करती रहती है। यही कारण है कि इस पर हमेशा विवाद होता रहता है।

**साल दर साल कैसे बढ़ी और घटी एच-1बी वीजा की संख्या :** प्यू रिसर्च के अनुसार 2024 में उच्च-कुशल विदेशी कर्मचारियों के लिए लगभग चार लाख एच-1बी आवेदन स्वीकृत किये गये। यह वित्त वर्ष 2000 में स्वीकृत आवेदनों की संख्या के दोगुने से भी अधिक है। स्वीकृतियों की संख्या 2022 में चरम पर थी, जब 442,425 आवेदन स्वीकृत किए गए थे। 2013 से, हर साल अधिकांश स्वीकृतियां रोजगार नवीनीकरण के लिए आवेदनों की रही हैं। 2024 में, स्वीकृत आवेदनों में से 65 प्रतिशत यानी 258,196, नवीनीकरण के लिए थे। शेष 35 प्रतिशत यानी 141,207, प्रारंभिक रोजगार के लिए नये आवेदन थे।

2022 में एच-1बी आवेदनों के अस्वीकार होने की दर घट कर दो प्रतिशत रह गयी, जो 2009 के बाद से सबसे कम थी। ट्रंप के पहले प्रशासन के दौरान, 2018 में अस्वीकृति दर 15 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गयी थी। इसमें शुरुआती रोजगार के लिए 24 प्रतिशत नये आवेदन और निरंतर रोजगार के लिए नवीनीकरण आवेदनों का 12 प्रतिशत हिस्सा शामिल था। ट्रंप प्रशासन ने 'विशेष व्यवसायों' की परिभाषा को कड़ा करने और एच-1बी कर्मचारियों की तृतीय-पक्ष नियुक्तियों को सीमित करने सहित, कड़े आव्रजन नियम लागू किये।

**अमेरिकियों का एच-1बी वीजा पर क्या है कहना :** लगभग 40 प्रतिशत अमेरिकी मानते हैं कि कानूनी आव्रजन के लिए उच्च-कुशल श्रमिकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके अलावा, अगस्त 2024 में प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं का कहना है कि कानूनी अप्रवासी उन नौकरियों को भरते हैं जिन्हें अमेरिकी नागरिक नहीं चाहते।

2023 में शीर्ष 10 एच-1बी नियोक्ताओं में से तीन का मुख्यालय या तो भारत में था (इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) या अमेरिका में है (काग्निजेंट टेक्नोलाजी साल्यूशंस)। यह 2016 की तुलना में गिरावट है, जब शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का भारत से संबंध था।

**वार्षिक वेतन से भी अधिक नया वीजा शुल्क :** ट्रंप सरकार का ये फैसला एच-1बी वीजा व्यवस्था को खत्म करने के लिए पर्याप्त है, क्योंकि अब वीजा शुल्क औसत एच-1बी कर्मचारी के लगभग पूरे साल के वेतन के बराबर हो गया है। वहीं, पहली नौकरी की तलाश करने वाले किसी व्यक्ति के लिए, वीजा शुल्क अब वार्षिक वेतन से भी अधिक है।

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने बताया कि विदेशी कामगार 60 हजार डॉलर पर भी काम करने के लिए तैयार हो गये थे, जबकि अमेरिकी आइटी पेशेवर को न्यूनतम एक लाख डॉलर देने का प्रविधान है। इससे कंपनियां अमेरिकी कामगारों की छंटनी पर जोर दे रही थीं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएसआइसीएस) 2025 के अनुसार, एच-1बी वीजा कार्यक्रम के तहत शुरूआती नौकरी के लिए औसत वेतन 97,000 डॉलर था। एच-1बी वीजा जारी रखने वालों के लिए यह संख्या थोड़ी ज्यादा (132,000 डॉलर) थी, जिससे औसतन 1,20,000 डीलर की राशि प्राप्त हुई।

**एच-1बी वीजा के लिए कौन है पात्र :** एच-1बी वीजा नियोक्ता प्रायोजित होता है और धारक को गैर-आव्रजक का दर्जा देता है। यानी ये फीस कंपनियां भरती हैं। नियोक्ता को कर्मचारी की ओर से वीजा के लिए आवेदन करना होता है। उसे यह साबित करना होता है कि उक्त व्यक्ति उनके व्यवसाय के लिए उपयुक्त है। इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित और व्यापार प्रबंधन से जुड़े व्यवसायों के लिए आमतौर पर एच -1 बी वीजा दिया जाता है। यह एक अस्थायी वीजा है। नवीनीकरण के लिए स्टाम्पिंग की जरूरत होती है, जिसके लिए वीजा धारकों को भारत आना पड़ता है।

## कोल्हान की खबरें

### कदमा आंध्र एसोसिएशन इंग्लिश स्कूल में सारण नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा आंध्र एसोसिएशन इंग्लिश स्कूल में सारण नवरात्रि महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित नवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना नृत्य से हुई। मौके पर सांस्कृतिक उत्साह और श्रद्धा देंखने को मिली। प्रधानाचार्या पियाली मुखर्जी ने नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत किया। वही छात्रों द्वारा बंगाली नृत्य एलो एलो दुर्गा मां, अष्ट लक्ष्मी नृत्य (तेलुगु), देवी स्तुति पर आधारित तेलुगु नृत्य, डोला रे डोला और गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गयी। सामान्य सचिव वाइके शर्मा ने अपने संबोधन में सांस्कृतिक एकता और मूल्यों पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन उपप्रधानाचार्या उत्पला घोषाल ने की। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

### आदित्यपुर इमली चौक के पास मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस ने दिनों इमली चौक के पास कर्मचारियों साथ हुई मारपीट के मामले का खुलासा कर दिया। बुधवार को पुलिस ने कारवाई करते हुए मेहुल जयसवाल, धरुण महतो और विशाल महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कार्रवाई में विनोद टुडू, धर्मराज कुमार, दिलेश्वर उरांव और सशस्त्र बल शामिल रहे।


### आदित्यपुर आशियाना मोड़ के पास ट्रेलर खराब होने से सड़क घंटों जाम



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आशियाना मोड़ के समीप एक ट्रेलर अचानक बंद होने से दोनों ओर यातायात घंटों बाधित रहा। बुधवार को सुबह से ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगने लगी। जिससे स्कूली बच्चों और औद्योगिक क्षेत्र के कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।वाहन चालक के अनुसार ट्रेलर को मोड़ते समय अचानक इंजन बंद हो गया। ट्रेलर में प्रतापगढ़ से गेहूं लाया गया था। सूचना मिलने पर यातायात पुलिस ने सूझबूझ स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गयी। काफी समय तक मशक्कत के बाद सड़क जाम हटाया गया।

### आदित्यपुर मुख्य सड़क पर केमिकल लदा ट्रेलर पलटा, घंटों सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को आदित्यपुर सुधा डेयरी के समीप मुख्य सडक पर एक इनोवा कार की लापरवाही से अचानक एक 12 चक्का ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी। बताया जारहा ट्रेलर में खतरनाक केमिकल लदा था, जिसे आरएचआई कंपनी से बोकारो ले जाना था। मुख्य सड़क पर अचानक टेलर पलटने से कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र में सनसनी फेल गयी। कम समय में ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। रोजाना सड़क से गुजरने वाले हजारों हजार लोगों मैं भय का माहौल मंडराने लगा। भगवान का लाख-लाख शुक्रिया था बगल में कोई वाहन नही रही। वहीं हादसे में बचे ट्रेलर चालक राजीव कुमार महतो ने बताया मुख्य सड़क पर इनोवा कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। हादसे में चालक और खलासी दोनो सुरक्षित हैं,लेकिन ट्रक और माल को भारी नुकसान पहुंची है। उधर सूचना मिलने पर पुलिस और ट्रांसपोर्टर मनीष कुमार अग्रवाल मौके पर पहुंचे और क्रेनों की मदद से ट्रेलर को हटाने और केमिकल निकालने में जुट गये। मिली जानकारी के अनुसार सड़क हादसे के बाद इनोवा कार में सवार लोगों ने ट्रेलर चालक व खलासी के साथ मारपीट शुरू कर दी। लेकिन पुलिस के पहुंचते ही वे मौके से कार समेत फरार हो गये। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है और घटनास्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर स्थिति नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया।

### हाता-टाटा मार्ग पर गड्ढा मरम्मत शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को देखते हुए पोटका विधायक संजीव सरदार के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग ने हाता-टाटा मुख्य मार्ग पर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया। विधायक संजीव सरदार ने कहा लगातार बारिश के कारण सड़क की हालत खराब हो गयी थी। जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी।हस्तक्षेप के बाद अस्थायी मरम्मत कार्य शुरू किया गया। श्री सरदार ने कहा सड़क मरम्मत की स्वीकृति मिल चुकी है। दुर्गा पूजा के बाद जोर सोर से कार्य शुरू किया जायेगा। कार्य की निगरानी कनिष्ठ अभियंता सतीश कुमार उपाध्याय कर रहे हैं। उधर हाता-टाटा मुख्य मार्ग पर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों के चहरे खिल उठे।

### 25 से शुरू होगा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा साकची जिला कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गयी। बुधवार को जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता झारखंड भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह शामिल हुए। मौके पर जानकारी दी गयी आगामी 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान में स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रभात फेरी, सेमिनार, व्यापारी सम्मेलन, हस्ताक्षर अभियान व स्वदेशी मेला का आयोजन किया जायेगा। सरोज सिंह ने कहा यह प्रधानमंत्री मोदी का आत्मनिर्भर भारत संकल्प स्वदेशी को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। मौके पर मंच संचालन संजीव सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राजीव सिंह ने की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा की संगोष्ठी 25 सितम्बर को साकची कालीमाटी बैंक्वेट हॉल में आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी होंगे।

### सरयू राय ने मानगो स्कूल को +2 बनवाने का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी उत्क्रमित विद्यालय मानगो का दौरा किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। विधायक ने विद्यालय को +2 स्तर तक उत्क्रमित कराने की कोशिश करने का वादा किया। साथ ही विद्यालय की चहारदीवारी बनवाने का भी आश्वासन दिया। विधायक श्री राय ने कहा यह विद्यालय 500 बच्चों को शिक्षा दे रही है। जिसमें सभी धर्मों के बच्चे शामिल हैं। महात्मा गांधी के नाम पर इस विद्यालय का संचालन हो रहा इसलिए पठन-पाठन भी गांधी जी के विचारों के अनुरूप होना चाहिए।उन्होंने कहा पहले इस विद्यालय में एक दोमंजिला भवन बनाया गया था जिसका उद्देश्य गांधी जी के जीवन पर आधारित संग्रहालय बनाना था। ताकि लोग गांधी जी के बचपन से लेकर स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तक को जान सकें। हालांकि दुर्भाग्यवश नगर निगम ने इस भवन का इस्तेमाल कार्यालय के रूप में शुरू कर दिया। श्री राय ने इस भवन को गांधी संग्रहालय के रूप में फिर से उपयोग करने की उम्मीद जतायी। श्री राय ने कहा जैसे निजी विद्यालयों में पीटीएम होती है, उसी तरह यहां भी अभिभावक और शिक्षक महीने में एक बार मिलें और बच्चों की स्थिति और सुधार पर चर्चा करें।उन्होंने यह भी कहा विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा और एक स्थायी परिसर की आवश्यकता पर जोर दिया।स्कूल में गांधी जी के विचारों में पर्यावरण, स्वच्छता आदि को बच्चों के घरों में भी लागू कराने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा यह विद्यालय गांधी जी के प्रतीक के रूप में सशक्त बने और विद्यालय में पढ़ाई का स्तर उच्च हो, ऐसा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष नूर अहमद, प्रधानाध्यापिका फिरदौस बानो और प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने विधायक सरयू राय का आभार व्यक्त किया।

### अर्जुन हांसदा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सोमेश चंद्र सोरेन, दी श्रद्धांजलि



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** गालूडीह स्थित उल्दा पंचायत में स्व. अर्जुन हांसदा के श्राद्धकर्म में झामुमो नेता सोमेश चन्द्र सोरेन शामिल हुए। बुधवार को उन्होंने मौके पर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की।इस अवसर पर श्री सोरेन ने दिवंगत अर्जुन हांसदा की चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर धर्मपत्नी तुलसी हांसदा, पुत्र गोविंद हांसदा और पुत्रवधू अनिता हांसदा को इस कठिन समय में समर्थन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा वे हमेशा इस परिवार के साथ खड़े रहेंगे और हर स्थिति में मदद के लिए तत्पर रहेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू, भूतनाथ हांसदा, कालीपद गोराई, सुनाराम सोरेन, वकील हेमब्रम, सदानंद समेत अन्य झामुमो कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त



- जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही, कनीय अभियंता-संवेदक को शो-कॉज

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड केतार के पाचाडूमर गांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे हर घर नल जल योजना की हकीकत को जाना। निरीक्षण के दौरान योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही सामने आई। डीसी ने गांव में निर्मित पानी टंकी, रिफाइन मशीन और अन्य उपकरणों का भी बारिकी से जांच की। इस दौरान करीब 100 घरों का खुद भौतिक सत्यापन किया। अधिकांश घरों में पानी का सही कनेक्शन नहीं पाया गया। किसी भी घर में नल का संतोषजनक कनेक्शन नहींस तो कई घरों में नल लगे ही नहीं थे। जहां लगे हैं, उसके टोंटी सूखे हैं। पानी नहीं आ रहा है। कुछ घरों में केवल पाइप निकालकर छोड़ दिया गया है। कई स्थानों पर टूटी हुई पाइपलाइन और बिना नल लगे कनेक्शन पाये गये, जिससे लगातार पानी बर्बाद होता दिखा। योजना की ऐसी स्थिति देखकर डीसी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल विभाग के कनीय अभियंता की लापरवाही के कारण यह परियोजना अनावश्यक रूप से लंबी खिंच गई है और पूर्ण भी नहीं हो पाई है। जो कार्य पूरे हुए हैं उनकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है। डीसी ने इसे लेकर कनीय अभियंता एवं संवेदक से स्पष्टीकरण भी मांगा है। डीसी ने संवेदक को दो दिनों का समय देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी पाइप लीकेज बंद किए जाएं। जहां-जहां नल नहीं लगे हैं, वहां नल लगाकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। दूसरी ओर, पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि नल से कभी-कभी ही पानी आता है। उसका भी कोई निश्चित समय नहीं होता। पीसीसी सड़क तोड़कर पाइप तो डाले गए हैं, लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। उधर, निरीक्षण के उपरांत पंचायत भवन में डीसी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जलसहिया, पेयजल विभाग के अभियंता, संवेदक और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। डीसी ने निर्देश दिया कि जिन घरों में पानी की आपूर्ति हो रही है, वे जल सहिया के माध्यम से पानी की जांच अवश्य कराएं ताकि पानी की वास्तविक गुणवत्ता का पता चल सके और यह सुनिश्चित हो कि जल पीने योग्य है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी प्रखंड के कुल 19 गांवों में घर-घर नल लगाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

## हाथियों के उपद्रव से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड के तिसरटेटूका पंचायत के ग्रामीण हाथियों के उपद्रव से बेहद परेशान हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने के साथ ही जान-माल की रक्षा की गुहार लगाई है। इस पर विधायक ने त्वरित पहल करते हुए अपने प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी के नेतृत्व में हाथियों से प्रभावित ग्रामीणों को डीसी के समक्ष भेजा। डीसी की अनुपस्थिति में ग्रामीणों के साथ विधायक प्रतिनिधि ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की गयी है। मुआवजा को लेकर विधायक ने भी वन विभाग के अधिकारियों से बात की है। वहीं, जिला प्रशासन को ग्रामीणों की ओर से दिए गए आवेदन में कहा है कि हाथियों ने विगत तीन-चार वर्ष से तिसरटेटूका पंचायत के बहेरवा, बानाजांघ, कोलोदोहर, गेरूआसोती, टेटूका कला, टेटूका खूर्द, पेंदली, जमुआ सहित अन्य गांव में भयावह स्थिति उत्पन्न कर रखी है। हाथियों के डर से ग्रामीण पूरी तरह डरे-सहमे हुए है। पिछले दिनों हाथियों ने बहेरवा निवासी रमेश परहिया को कुचलकर मार दिया था। जबकि कई ग्रामीणों के कच्चे मकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। एक रात में करीब तीन से चार एकड़ में लगे धान की फसल को खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल मुआवजा भुगतान करने और हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। डीसी के नाम दिए गए आवेदन में मुखिया मनीषा देवी, लाला भुइयां, विक्रम कुमार, सुखदेव भुइयां, शंभू यादव, राजेश्वर राम, सीमा देवी, समुद्री देवी, फुलमतिया देवी, नेजाम अंसारी, मोहन भुइयां, सुनीता देवी, बिगु साह, सुरेंद्र राम, वीरेंद्र भुइयां आदि शामिल है।

## फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : शशि यादव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस गुरुवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की गढ़वा जिला इकाई के जिला कोषाध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। सही दवा, परामर्श और दवाओं के सुरक्षित उपयोग के लिए फार्मासिस्ट हमेशा तत्पर रहते हैं। कहा कि आज आवश्यकता है कि फार्मासिस्ट समाज में दवाओं के दुरुपयोग को रोकें और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस प्रति वर्ष 25 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। फार्मासिस्ट केवल दवाइयों के प्रदाता ही नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य के सशक्त प्रहरी भी हैं। वे रोगियों को सुरक्षित, प्रभावी एवं सुलभ दवा उपचार उपलब्ध कराने के साथ ही जनजागरूकता, रोग-निवारण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में निरंतर योगदान देते हैं। इस अवसर पर जिला गढ़वा इकाई ने संकल्प लिया कि प्रत्येक मरीज को सही दवा एवं सही परामर्श उपलब्ध कराने में फार्मासिस्ट अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभागेंयें। समाज में दवाओं के दुरुपयोग और स्व-औषधि सेवन को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### 'कॉफी विद एसडीएम' में जिले के वरीय चिकित्सकों के साथ हुआ संवाद

# सरकारी चिकित्सक ड्यूटी रोस्टर के दौरान निजी प्रैक्टिस न करें: एसडीएम

- विशेषज्ञ प्राइवेट डॉक्टर्स से सप्ताह में एक घंटा निःशुल्क सेवा की अपील
- चिकित्सक अपनी योग्यता के अनुरूप ही सूचना पट पर अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करें : आइएमए
- चिकित्सकों ने आईएमए भवन के लिए भूमि या भवन उपलब्ध कराने की मांग की

## सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर कई यूट्यूबर डॉक्टरों को अनावश्यक कर रहे परेशान : आइएमए




चिकित्सकों के साथ वार्ता करते एसडीएम संजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के सदस्य चिकित्सकों ने भाग लिया। इसमें चिकित्सकों ने न केवल अपनी समस्याएं रखीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई सार्थक सुझाव भी दिये। संवाद के दौरान चिकित्सकों ने विधि-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल के समय में कई अराजक तत्व यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर चिकित्सकों एवं अस्पतालों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि ऐसी गतिविधियों पर विधिसम्मत प्रतिबंध लगाने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कुछ निजी डॉक्टर्स ने सरकारी विभागों द्वारा परेशान करने की बात भी रखी। इस पर उन्होंने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों को उचित दिशा-निर्देश भेजे जाएंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, आइएमए के सदस्यों ने जिले के चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वे अपने बोर्ड पर केवल वही विशेषज्ञता अंकित करें, जिसमें उन्होंने औपचारिक डिग्री प्राप्त की हो। अन्यथा आम नागरिकों में असमंजस की स्थिति तो पैदा होती ही है गलत सूचनाओं भी प्रेषित होती हैं। कहा गया कि कोई भी चिकित्सक दो से अधिक स्थानों पर नियमित सेवा न दें, क्योंकि इससे सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

### बिना डिग्री प्रेक्टिस करने वालों पर हो कार्रवाई

बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने यह भी मांग की कि ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, जो बिना वैध डिग्री के चिकित्सीय कार्य कर रहे हैं। कहा कि ऐसे फर्जी चिकित्सकों के कारण संपूर्ण चिकित्सा सेवा की छवि धूमिल हो रही है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आइएमए के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे समाज के हित में सप्ताह या माह में कम से कम एक दिन एक घंटा निःशुल्क परामर्श के लिए समर्पित करें। यह परामर्श टेलीफोन के माध्यम से अथवा निःशुल्क ओपीडी चलाकर दिया जा सकता है। इस पर आईएमए के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों ने सहर्ष सहमति व्यक्त की। आश्वस्त किया कि आईएमए से जुड़े जिले के सभी वरीय अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी-अपनी विशेषज्ञता के अनुसार नियमित अंतराल पर निःशुल्क ओपीडी एवं निःशुल्क टेलीफोनिक परामर्श गेंगें। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी ने सरकारी चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वे अपनी ड्यूटी रोस्टर के दौरान निजी प्रैक्टिस करने से यथासंभव बचें, क्योंकि ऐसा करना वैधानिक के साथ-साथ नैतिक रूप से भी सही नहीं है। इस दौरान बैठक में आईएमए भवन के लिए भूमि-आवंटन का विषय भी प्रमुखता से रखा गया। चिकित्सकों ने कहा कि प्रायः सभी जिलों में आईएमए के लिए भवन अथवा भूमि उपलब्ध कराई जाती है, किंतु गढ़वा में अब तक ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। यदि भूमि उपलब्ध करा दी जाए तो सभी चिकित्सक सहयोग राशि एकत्र कर खुद भवन का निर्माण कर लेंगे। यह भी प्रस्ताव रखा कि जब तक स्थायी भूमि उपलब्ध नहीं होती, तब तक के लिए एक अस्थायी भवन उपलब्ध कराया जाए, जहां से न केवल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, बल्कि आईएमए की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी नियमित रूप से संचालित की जा सकें।

### कॉफी विद एसडीएम कर रहा है पुल का काम : सीएस

**सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी और अस्पताल अधीक्षक डॉ माहेरू यामिनी भी मौके पर उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने कॉफी विद एसडीम कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सकों को इस कार्यक्रम में बुलाने से जिला प्रशासन और चिकित्सकों के बीच विश्वास एवं समन्वय बेहतर होता है। यह कार्यक्रम संवाद गैप को भरने का काम कर रहा है। उन्होंने विधि-व्यवस्था से संबंधित विषयों पर प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की तथा चिकित्सकों से प्रशासनिक अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। इस मौके पर आइएमए के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सिविल सर्जन डॉ एनके रजक, सचिव सह वरीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात, पूर्व सचिव सह सर्जन डॉ निशांत सिंह, उपाध्यक्ष डॉ अरशद अंसारी, संयुक्त सचिव एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पूर्णेंदु, रेडियोलॉजिस्ट डॉ जितेंद्र, वरिष्ठ प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रागिनी, एनेस्थेटिस्ट डॉ नीतू सिंह और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ नाथुन साह आदि मौजूद रहे।**

## थाना प्रभारी के प्रयास से मृतक के आश्रित को मिला 5.5 लाख रुपये का मुआवजा

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कैलान गांव में एलएंडटी कंपनी ने निमार्णाधीन पानी टंकी में बतौर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत कांडी थाना क्षेत्र के चेचरिया निवासी अनिल उपाध्याय की मंगलवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गयी थी। इसके बाद भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन की पहल पर एलएंडटी कंपनी के आईआर विनय पाठक एवं टाइम ऑफिसर पृथ्वी पात्रा देर शाम थाना पहुंचे। जहां थाना प्रभारी की उपस्थिति में कंपनी के पदाधिकारियों और मृतक के परिजनों के बीच लंबी वार्ता हुई। इसके बाद उक्त दोनों पदाधिकारियों ने मृतक के आश्रित को नगद पांच लाख 50 हजार रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की। उधर, थाना प्रभारी रजनी रंजन के इस मानवीय प्रयास की बदौलत कंपनी से मिले मुआवजा राशि पर मृतक के परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

### ग्रांड डांडिया-गरबा नाइट में उमड़ा जनसैलाब

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा वासियों के लिए वरदान: मिथिलेश

- संस्कृति-श्रद्धा का संगम बना ऑक्सफोर्ड स्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में ग्रांड डांडिया गरबा नाईट का भव्य आयोजन हुआ। जिसने पूरे विद्यालय प्रांगण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, एसडीएम संजय कुमार शामिल हुए। जिन्हें विद्यालय के मार्च पास्ट ग्रुप की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथियों, विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी, सचिव आलोक सोनी, प्रबंधन समिति सदस्य आकाश कुमार, सोनू कुमार और धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीपों की रौशनी और भक्ति संगीत की मधुर धुनों का वहां मौजूद बूढ़े, बच्चे और महिलाएं आदि ने आनंद उठाया। इसमें कई तरह के मनमोहक नृत्य, गान, वंदना आदि आयोजित हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वहीं, अपने संबोधन में मिथिलेश ठाकुर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय पूरे गढ़वा वासियों के लिए एक वरदान है। यह विद्यालय समय-समय पर इस तरह के आयोजन कर लोगों में एकता और सौहार्द की भावना को दर्शाता है। उधर, विद्यालय के निदेशक ने सभी लोगों को नवरात्री की शुभकामनाएं दी। कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारे, प्रेम-सौहार्दय और धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर एक मनोरंजक एवं एकता, अखंडता और आपसी प्रेम को दर्शाना था। जबकि प्रधानाचार्य बाला भाष्कर चंदरुडू ने कहा कि यह कार्यक्रम हमें आपस में जोड़ना सिखाता है। हमारे विद्यालय के बच्चे कला, साहित्य, नृत्य और संगीत में भी अव्वल हैं। उन्होंने आज जो प्रदर्शन किया है वह तारीफ-ए-काबिल है। हम निरंतर उनके इस कौशल और कुशाग्रता को बढ़ाने का काम करेंगे, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। वहीं, कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के कलाकारों गुरु अमृता दास एंड ट्रूप ने यहां आकर सभी का मनोरंजन किया। उधर, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। युवक-युवतियां, महिलाएं और बच्चे सुसज्जित होकर गरबा और डांडिया नृत्य में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और मधुर संगीत पर सबने तालमेल बिठाकर नृत्य किया। उधर, आयोजन समिति की ओर से पूरे परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और मां दुर्गा की झांकियों से सजाया गया।

# एसपीडी कॉलेज शासी निकाय की सचिव बनीं उर्मिला पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के शासी निकाय की बैठक बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष के रुप में गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी का चयन किया गया। जबकि सचिव के रुप में दानदाता उर्मिला पांडेय को चुना गया। इस दौरान बैठक में प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु भूषण जारुहार, शिक्षाविद् डॉ रमेश चंचल, महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि प्रो अखिलेश कुमार पाठक मुख्य रुप से उपस्थित थे। बैठक के बाद महाविद्यालय कर्मियों ने कहा कि एसपीडी कॉलेज गढ़वा जिले का ख्याति प्राप्त डिग्री महाविद्यालय है। शासी निकाय के नवनियुक्त सचिव उर्मिला पाण्डेय को सचिव बनाए जाने के बाद इनके निर्देशन में कॉलेज उत्तरोत्तर विकास करेगा। इस मौके पर डॉ अरुण कुमार तिवारी, प्रो विवेकानंद उपाध्याय, प्रो निकलेश चौबे, डॉ विनोद कुमार द्विवेदी, प्रो कमलेश कुमार सिन्हा, डॉ सत्यदेव पाण्डेय, प्रो भरत उपाध्याय, प्रो परवेज आलम, प्रो अजय सिंह, प्रो आशीष पांडेय, प्रो रामाशीष उपाध्याय, रामानंद उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, अखिलेश कुमार तिवारी, अखिलानंद तिवारी, सचिन चौबे, पंकज पांडेय, सुधीर पाठक, जगदीश मांझी, मनोहर राम आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## एसडीपीओ ने किया सभी बैंकों का निरीक्षण



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) और थाना प्रभारी ने बुधवार को संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र स्थित एसबीआइ, बीओआइ और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य सभी बैंक एवं ज्वेलरी शॉप का निरीक्षण किया। इस क्रम में बैंक एवं ज्वेलरी शॉप की सुरक्षा से संबंधित तथ्यों का जायजा लिया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं सायरन को बजा कर जांच किया। थाना प्रभारी ने कहा कि गढ़वा एसपी के निर्देश पर सभी बैंकों एवं ज्वेलरी शॉप की नियमित रूप से जांच की जा रही है। इस दिन क्षेत्र के सभी बैंकों एवं बाजार के मुख्य ज्वेलरी शॉप राधा कृष्ण ज्वेलरी शॉप की जांच की गयी। बैंक में तैनात सुरक्षा कर्मी को निर्देश दिया गया कि बैंक में आने वाले संदिग्ध लोगों की गतिविधि से थाना को अविलंब सूचित करें। बैंक में मुंह ढक कर या मास्क लगाकर आने वालों की विशेष निगरानी रखी जाए। थाना प्रभारी ने सभी बैंक एवं ज्वेलरी शॉप को अपना मोबाइल नंबर दिया, ताकि समय पर सूचना दे सकें।

## जेएसएलपीएस कर्मियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**रंका (आजादसिपाही)।** प्रखंड जेएसएलपीएस कर्मियों ने राज्य आजीविका संघ के आह्वान पर अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को एक दिवसीय धरना दिया। मांगों में जेएसएलपीएस में एनएमएमयू लागू करने, आजीविका कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने,जेएसएलपीएस स्तर 7 एवं 8 के कर्मियों को आंतरिक प्रोन्नति देने, वार्षिक वेतन लागू करने आदि शामिल है। इस मौके पर सामुदायिक समन्वयक अनुपम कुमार दुबे, योगेंद्र सिंह, राजेश कुमार, धनंजय कुमार गुप्ता, एफटीसी सुदामा कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा खूँटी जिला के मत्स्य कृशकों अथवा मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने वाले सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय, राँची के पत्रांक 430 दिनांक 12.03.2025 के आलोक में खूँटी जिला के लिए वित्तीय वर्श 2023–24 हेतु स्वीकृत रंगीन मछली पालन योजना के लिए अनुसूचित जनजाति कोटि में प्राप्त भौतिक लक्ष्य 01 यूनिट अनाच्छादित है जिसे पूर्णरूपेन आच्छादित करने हेतु निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में पुनः आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। योजना संबंधित विवरणी निम्नलिखित है:–

| क0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | वित्तीय वर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य / कोटि | इकाई लागत (रु० लाख में) | सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (रू0 लाख में): इकाई लागत का 60% (रु० लाख में) | लाभुक का अंशदान इकाई लागत का 40% (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बैक्यार्ड सजावटी / रंगीन / अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | 2023-24 | संख्या में | ST - 01 | 3.00 | 1.80 | 1.20 |

उक्त योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य आवश्यक मापदण्डों की विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के वेबसाईट www.jharkhandfisheries.org पर भी उपलब्ध है। कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा तय अहर्त्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार भूमि, डी0पी0आर0 (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) एवं अन्य वांछित कागजात लाभुकों को स्वयं के व्यय पर उपलब्ध कराना होगा एवं आवेदन के साथ जमा करना होगा। विशेश जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। दिनांक 06.10.2025 तक कार्यालय अवधि में आवेदन जमा किया जा सकता है।

नोटः–1. योजना की स्वीकृति जिला स्तरीय चयन समिति से लाभुक चयन होने के उपरांत ही उसे कार्य रूप दिया जाएगा।
2. पहले आओ पहल पाओ के तर्ज पर लाभुक का चयन किया जाएगा।
3. आवेदक को **Online** के माध्यम से प्राप्त जाति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 362751 Fish(25-26)D

**झारखण्ड सरकार,**
**श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह, लातेहार (LWE)**
Email-id-itibarwadih@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) बरवाडीह, लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एव प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1306, दिनांक 18.09.2025 के आलोक मे NCVT से मान्यता प्राप्त लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) बरवाडीह, लातेहार के शैक्षणिक सत्र 2025– 26–2027 में आंशिक संशोधन करते हुए विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत है:–

| Time Schedule for SPOT Round of online Counselling and Admission | | | |
|---|---|---|---|
| Sl.No | Activity | Date: Date | Date: To |
| 1 | Spot Round Online admission (Seat Allotment and Admission) | 19-09-2025 | 30-09-2025 |

02 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (LWE) बरवाडीह, लातेहार मे संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटें:–

| Sl.No | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षणअवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Electrician | 02 वर्षीय | 01 (PH) | मैट्रिकपास |
| 2. | Fitter | 02 वर्षीय | 01 (PH) | मैट्रिक पास |

03. दिनांक–19.09.2025 से 30.09.2025 तक इस संस्थान मे **SPOT Round of online Admission** लिया जाएगा। **SPOT Round online Admission** के दौरान रिक्त सीटों मे **First Come First Serve Basis** पर व्यवसाय / सीट कर आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा।
04. ऐसे अभ्यर्थी जिन का पूर्व में Portal में निबंधन नहीं हुआ है, इच्छुक अभ्यर्थी जो नामांकन के लिए सभी अहर्ता रखते हैं एवं वांछित दस्तावेज आपके पास उपलब्ध है तो On the SPOT Online Registration कर रिक्त सीटों में नामांकन लिया जाएगा।

**नोटः**– 1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (LWE) बरवाडीह, लातेहार में छात्रों के रहने के लिए छात्रवास की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है।
2. नामांकन से संबंधित किसी भी समस्या के निदान हेतु संपर्क करें 7903422899 , 7979922768

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह, लातेहार।(LWE)

PR.NO.362712 Labour Employment and Traning(25-26):D

## दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था की जिम्मेवारी पूरी तत्परता से निभायें : उपायुक्त

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दुर्गापूजा-2025 के अवसर पर जिला में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को आज नया नगर भवन, लोहरदगा में जाइंट ब्रीफिंग किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि जिला में दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण के लिए आपकी प्रतिनियुक्ति की गयी है। पूर्व में भी लोहरदगा जिला में पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये गये हैं। इसी परंपरा को कायम रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। पूर्व में भी जो निर्देश दिये गये हैं उनका पालन करें। पूजा पंडालों में भीड़ को ठीक से नियंत्रित करना है। दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाये रखेंगे। भीड़ में असामाजिक व आपराधिक तत्वों पर नजर अवश्य बनाये रखें। किसी अप्रिय घटना की स्थिति में कंपोजिट कंट्रोल रूम और वरीय पदाधिकारियों को अवश्य सूचित करें।

### श्मशान घाट की जमीन के अतिक्रमण का ग्रामीणों ने किया विरोध

# बरवाडीह में कई घंटे तक चक्का जाम

थाना प्रभारी की पहल पर जाम समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित बरवाडीह मेन रोड पर बुधवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई।जब ग्रामीणों ने श्मशान घाट की जमीन पर हो रहे कथित अतिक्रमण और अवैध बिक्री के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए बरवाडीहझ्रमेदिनीनगर मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए और प्रशासन व जमीन माफियाओं के खिलाफ नारेबाजी की।ग्रामीणों का कहना था कि यह भूमि सैकड़ों वर्षों से अंतिम संस्कार के लिए उपयोग होती आ रही है।व इसे पवित्र धरोहर माना जाता है। लेकिन हाल के दिनों में कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से इस भूमि को टुकड़ों में बांटकर बेचा जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि भूमाफिया श्मशान घाट की पवित्रता को नष्ट करने पर तुले हैं और प्रशासन अब तक चुप्पी साधे बैठा है।

विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें मुखिया कालो देवी शिवनारायण प्रसाद उर्फ बबलू, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष दीपक राज, संतोष सिंह, प्रकाश कुमार, अमन कुमार, सतेंद्र सिंह, ज्ञान कुमार, मोती, संजय सिंह, बिमलेश सिंह, दिल्पेश सिंह, राजवर्धन सिंह, सूरज कुमार, अंगद, रितेश कुमार, बिट्टू, रवि सिंह, छोटा भीम, मनोज कुमार, दीपक कुमार, मुनिया देवी, बेबी देवी, भाजपा नेता कन्हाई प्रसाद, दीपक तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



### स्थानीय लोगों ने लगाये गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने इस दौरान बरवाडीह के मेन रोड निवासी और महुआडांड़ में जेएसएलपीएस के कर्मी विकास सोनी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि सीएनटी एक्ट की जमीनों की खरीद-बिक्री का खेल वह बीते कई वर्षों से करता आ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विकास सोनी अपना मुख्य कार्य छोड़कर प्रतिदिन अंचल कार्यालय में बैठकर भू माफियाओं को संरक्षण देता है।

### घंटों जाम से यात्री हुए परेशान

ग्रामीणों के आक्रोश के कारण बरवाडीहझ्रमेदिनीनगर मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मुख्य सड़क पर जाम लगने से छोटी-बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। कई यात्री घंटों तक सड़क पर फंसे रहे।

### हरकत में आया प्रशासन

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बरवाडीह थाना प्रभारी अनूप कुमार और सब-इंस्पेक्टर राजन अधिकारी पुलिस बल के साथ अंचल निरीक्षक अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। ग्रामीणों के कड़े रुख और गुस्से को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही जांच का आश्वासन दिया और कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। अधिकारियों के द्वारा समझाने और आश्वासन देने के बाद ही ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और यातायात बहाल हो सका।

### ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

जाम समाप्त होने के बावजूद ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई कर श्मशान घाट की भूमि से अतिक्रमण करवाने वाले माफिया पर कार्रवाई नही की तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने कहा कि यह भूमि केवल अंतिम संस्कार के लिए है और इसे बचाने के लिए चाहे कितना भी बड़ा संघर्ष करना पड़े, पीछे नहीं हटेंगे।

## शिविर में छह लोगों ने किया रक्तदान



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका में भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के आदेश अनुसार बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मनिका कार्यालय में रक्तदान सिविल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के फीता काटकर किया। शिविर के अध्यक्षता मनिका मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने कि। शिविर में 6 लोगों ने अपना रक्तदान करने वाले मंडल के महामंत्री धर्मजीत राय, मंडल संयोजक संदीप उरांव, पूर्व उपप्रमुख उमेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, समाजसेवी रोशन प्रसाद साहू, बिट्टू कुमार ने किया। मौके पर रक्तदान के जिला संयोजक सह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा,रजत कुमार, अरुण ठाकुर प्रेमनाथ यादव वीरेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर कुडू में पथ संचलन



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को कुडू में स्वयंसेवकों ने पद संचलन किया। सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से घोष दल के साथ पूर्ण गणवेश में निकला संचलन बस स्टैंड, इंदिरा गांधी चौक, ब्लॉक मोड़ होते हुए मस्जिद मोड़ से वापस शिशु मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके बाद हुई बैठक को संबोधित करते हुए महाविद्यालयी विद्यार्थी कार्य प्रमुख डॉ. शशांक कुमार कुलकर्णी ने कहा कि 1925 में डॉक्टर हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ आज दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है। संघ का मुख्य कार्य अनुशासन, सेवा और देशहित में कार्य करना है। कार्यक्रम में लोहरदगा जिला सह संघचालक देवेंद्र, प्रखंड संघचालक अजय प्रसाद, शुभम कुमार, स्वयंसेवक सुबोध प्रसाद, संजय कुमार, रौनक कुमार, संजय चौधरी, विश्वजीत भारती, सरजू साहू, विनय कुमार बिट्टू, दीपक पासवान, राजेश कुमार बंदे, विकास लाल, आकाश कुमार राजा, पंकज भारती आदि शामिल थे।

## कूडू के सिंजो गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात, दहशत में ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के सिंजो गांव में सोमवार की रात डेढ़ दर्जन से अधिक जंगली हाथियों के झुंड ने भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने खेतों में खड़ी फसलों को रौंद डाला और बाड़ी-बगान को भी नुकसान पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे हाथियों का झुंड आलु, धान, मकई आदि फसलों को रौदते हुए सिंजो पहुंचा और स्थानीय नेसार खान पिता मनउव्वर खान के घर और पोलिट्री फार्म में लगे दरवाजे, खिड़की, शटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। मतवाले झुंड ने जाते जाते बाहर खड़े ट्रक को भी कई बार टक्कर मारी जिससे ट्रक का शीशा टूट गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई कर हाथियों को आबादी क्षेत्र से दूर भगाने और मुआवजा देने की मांग की है।



फिलहाल हाथियों का झुंड आसपास के जंगल में डेरा जमाए हुए है, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**हाथियों के आतंक से वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में बढ़ रही नाराजगी :** हाथियों के लगातार उत्पात से परेशान ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश गहराता जा रहा है। इसी का नतीजा 29 अगस्त की रात उस समय देखने को मिला जब होन्हे पाकरटोली स्थित एक कुएं में डूबे हाथी को निकालने पहुंची वन विभाग की क्यूआरटी टीम और स्थानीय ग्रामीणों के बीच जमकर कहासुनी हो गयी। इसके बाद कुडू वनक्षेत्र के होन्हे सब-बिट के वनरक्षी पंकज कुमार सिंह ने कुडू थाने में 30 अगस्त को एफआइआर दर्ज करायी। इसमें बेतर गांव निवासी वनन उरांव, उदय उरांव, पाकरटोली होन्हे निवासी पंचु उरांव, पवन उरांव, रवि उरांव, कोकर निवासी बौधना उरांव सहित होन्हे, लुरंगी और बेतर गांव के 15-20 अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों पर पत्थरबाजी कर गाड़ी के शीशे तोड़ने, मशाल और पत्थर से गश्ती वाहन जलाने और दल पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। इस मामले में कुडू थाना कांड संख्या 90/25 दर्ज की गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई करता है, जबकि हाथियों के हमले से उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही।

## त्योहार से पूर्व मिठाई दुकानों का निरीक्षण मिलावट करने वालों पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद के निर्देश और अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजु कच्छप के मार्गदर्शन में बुधवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ. मोईन अख्तर के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के मिष्ठान भंडारों व रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया।

बीआइडी गुमला रोड स्थित अमृत मिष्ठान भंडार में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। यहां कलाकंद और खोवा की मौके पर जांच की गयी, जो प्रथम दृष्टया सही निकली। वहीं दूध व मिठाई की शुद्धता जांचने हेतु पेड़ा और लड्डू का नमूना लिया गया। बरवाटोली चौक स्थित साहु स्वीट्स में दूध और खोवा सही पाया गया, परंतु कारखाने की



साफ-सफाई में अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी किया गया। राजभोग स्वीट्स से गुणवत्तापरक जांच हेतु नमूना लिया गया। इसी क्रम में 22 सितंबर को कुछ होटलों में मिलावटी हल्दी की पुष्टि हुई थी। इसको लेकर राणा चौक स्थित मुकेश मील का औचक निरीक्षण कर हल्दी का नमूना जब्त किया गया। वहीं बरवाटोली चौक स्थित स्वीट्स एंड स्नैक्स से मिल्क केक का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को रांची स्थित राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जहां फैट की मात्रा, यूरिया, डिटर्जेंट सहित अन्य मिलावट की जांच की जायेगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी प्रतिष्ठानों को एफएसएसएआई लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। त्योहार को देखते हुए दुकानदारों को साफ-सफाई रखने, कर्मचारियों को हेयरनेट, ग्लव्स, एप्रन पहनने तथा प्रमाणित सामग्रियों का ही प्रयोग करने की सख्त हिदायत दी गई है। निरीक्षण दल ने स्पष्ट किया कि मिलावट व अनियमितता पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी और इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी।

## बनवारी साहू कॉलेज में मना एनएसएस डे




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार शहर के बानपुर इलाका में स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, माय भारत की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमार और प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने पौधारोपण किया और राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दी। मौके पर सचिव श्रीमती गुप्ता ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी अहम भूमिका अदा करती है। एनएसएस कार्यक्रम युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने में मदद करता है। जिला युवा अधिकारी कंचन ने कहा कि एनएसएस कार्यक्रम युवाओं को नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क कौशल को विकसित करने में मदद करता है। प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस डे पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत ही जरूरी है। उन्होने एनएसएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने व उसका निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता है। एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के कार्यों में शामिल करना है। मौके पर महाविद्यालय के कई व्याख्याता एवं एनएसएस के स्वयंसेवक व अन्य छात्र–छात्रायें मौजूद थे।

## हटिया गार्डन दुर्गा पूजा समिति खपड़ैल मकान की शैली में बना रही पंडाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हटिया गार्डन श्री दुर्गा मंदिर परिसर में इस वर्ष भी नवरात्र के अवसर पर भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने इस बार पंडाल निर्माण में विलुप्त होती खपड़ैल मकान की झलक प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रामीण जीवनशैली और पुरातन संस्कृति को पुनर्जीवित किया जा सके। ज्ञात हो कि वर्ष 1947 में स्व. गजेंद्र महतो, स्व दुर्गा प्रसाद खत्री, स्व राधा महतो, स्व झरी महतो, स्व हुलास महतो, स्व शिवशंकर राम, स्व शंकर साहू, स्व महादेव सोनी, स्व खेदन साव, स्व महाबीर सोनी, स्व हजारी कांस्यकार, स्व माधव कांस्यकार, बनारसी कांस्यकार, स्व देवीदयाल साव, रामप्रसाद कांस्यकार, रामबिलास साव, रामपदारथ कांस्यकार, स्व मनरखन साव, राजेन्द्र महतो सहित अन्य युवाओं



के प्रयास से इस पूजा की शुरूआत हुई थी। तभी से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है और वर्तमान में 78वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है।

समिति के आजीवन संरक्षक दुर्गा प्रसाद सोनी ने कहा कि नवरात्र हर्ष और उल्लास का पर्व है। यह भारतीय संस्कृति में वीरता और शौर्य की उपासना का प्रतीक है। दशहरा दस प्रकार के पापों–काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी–के परित्याग का संदेश देता है। वहीं समिति के अध्यक्ष विक्की कुमार महतो ने बताया कि इस वर्ष पंडाल का निर्माण पूरी तरह बांस और खपड़ों से किया जा रहा है। स्थानीय कलाकार मदन कुमार महतो, उदय कुमार महतो, राजा कुमार महतो, ओम कांस्यकार, अजय कुमार (रिंकू), सूरज साहू, बीरेंद्र साहू तथा मोहल्लेवासी इसमें भरपूर सहयोग दे रहे हैं। प्रतिमा निर्माण का कार्य बंगाल से आये मूर्तिकार बलराम जी अपने सहयोगियों के साथ कर रहे हैं। पूजा की तैयारियों पर लगभग 5 लाख की लागत आने का अनुमान है।

## सभी बूथों में भाजपा मनायेगी पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 24 सितंबर बुधवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी कैरो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन विगत 17 सितंबर से प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भिन्न भिन्न प्रकार के कार्यक्रम करके पीएम के जन्मदिन को मनाये जाने का निर्देश प्राप्त हुई थी जिसके तहत अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण, रक्त दान, साफ सफाई और 25 सितंबर को भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती प्रखंड के सभी बूथों में मनाना। सेवा पखवाड़ा के तहत प्रखंड में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पिछले दिनों किये गये आयोजन की समीक्षा की गयी।

## सीओ ने पंडालों में वॉलंटियर बहाल करने का दिया निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** कैरो प्रखंड में आस्था का महापर्व दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को प्रखण्ड स्थित सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और एसडीपीओ श्रद्धा केरकेटा, डीएसपी सह पुलिस निरीक्षक संदीप रंजन की उपस्थिति में विभिन्न पूजा पंडालो के अध्यक्ष सचिव सदस्यों, प्रखंड क्षेत्र के गण्यमान्य लोगों के साथ बैठक की गयी। मौके पर जिला अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पर्व त्योहार आपस मे मिलजुलकर प्रेम पूर्वक मनाये त्योहार के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना न घटे इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस प्रशासन हर परिस्थिति से निप्टने को तैयार है हालांकि इसकी जरूरत नही पड़नी चाहिए। सभी पूजा पंडाल के द्वारा वॉलंटियर बहाल किया जाये जो अपना जिम्मेवारी बखूबी निभाये। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पुलिस प्रशासन के द्वारा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। आप किसी प्रकार के अपवाह पर ध्यान न दे, न ही किसी दूसरे को फारवर्ड करें फारवर्ड करने के बाद डिलीट भी करने पर जांच पड़ताल में पकड़ में आ सकते हैं। पूजा पंडालो में महिलाओं और पुरुषों के आने जाने को लेकर अलग अलग रास्ता का व्यवस्था करें। पंडाल के सामने पानी और बालू की व्यवस्था रखें। तोरण द्वार की ऊंचाई इतनी रखें कि अग्नि शामक आड़ गाड़िया आसानी से पंडाल तक पहुंच सके। बैठक पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, नाजिर आलम खान के अलाव विभिन्न पूजा पंडाल के अध्यक्षो ने भी अपनी रखते हुए पूर्व की तरह ही शांतिपूर्वक आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की बात कही। मौके पर थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी, एसआइ मनोज गुप्ता, प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, मोहन साहू, शैलेश कुमार सहिल कई उपस्थित थे।

## चीरी से लाधुप सेन्हा तक सड़क निर्माण की मांग, सौंपा ज्ञापन



जनहित के कार्यों को प्रमुखता से समय पर धरातल पर उतारुंगा : रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुड़ू/ लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी मुख्य चौक एन एच 143 से लाधुप सेन्हा एनएच 75 तक 10 किलोमीटर संक्रीर्ण सड़क को निर्माण कार्य कराये जाने हेतु कुडू उप प्रमुख सह कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव को सौंपा गया है। आवेदन में उल्लेख करते हुए कहा गया है कि चीरी मुख्य चौक से लाधुप सेन्हा तक सड़क काफी जर्जर और जानलेवा साबित हो रहा है। उक्त सड़क से रोजाना सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनों का परिचालन होता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों के बीच जान-माल का खतरा बना रहता है। इधर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में सुंदरू, चीरी और लाधुप मुखिया, ग्राम प्रधान और 340 ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को सौंपी गयी। ज्ञापन में कहा गया है कि चीरी चौक से लाधुप सेन्हा तक रोड की हालत बहुत खराब है, जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गया है। उक्त सड़क में प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियों की आवा-जाही होती है। रोड की चौड़ाई कम होने के कारण वाहनों को साइड लेने में और राहगीरों को आवागमन करने में भी काफी दिक्कतें होती है। इधर सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की मांग उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, एवं तीनों पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के द्वारा लोहरदगा विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव से की है। जिसपर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस रोड की चौड़ाई और काली करण के लिए मैं संबंधित विभाग से बात करूंगा और रोड को जल्द से जल्द बनवाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि निश्चित रूप से सड़क का निर्माण करवाया जायेगा।

## वृंदावन की साध्वी शिवांजलि किशोरी ने सुनायी रामकथा, भावविभोर हुए श्रोता

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर, गुदरी बाजार में श्रीरामचरितमानस नवाह्न्यण परायण पाठ महायज्ञ समिति लोहरदगा के तत्वावधान में चल रहे नौ दिवसीय महायज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बाहर से पधारे व्यास इंद्र शंकर झा नौ ब्राह्मणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से मां दुर्गा का नवाह्नयण परायण पाठ करा रहे हैं। नवरात्र के तीसरे दिन विशेष आयोजन में वृंदावन से आयी प्रसिद्ध कथावाचक साध्वी कुमारी शिवांजलि किशोरी को समिति की ओर से सम्मानित किया गया। समिति के संरक्षक ओम




प्रकाश सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान दिया, जबकि उपाध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं अवधेश मित्तल ने सहधर्मिणी के साथ चुनरी ओढ़ाकर और साफा पहनाकर स्वागत किया। साध्वी शिवांजलि ने भी श्रीरामचरितमानस समिति को श्रीरामजी का पट्टा भेंट कर आशीर्वाद दिया। सम्मान के उपरांत साध्वी शिवांजलि किशोरी ने संगीतमय प्रवचन की शुरूआत की। तीन घंटे तक चले रामकथा प्रवचन में उन्होंने भगवान शिव के विवाह प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया और भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल कथा न होकर मानव जीवन के लिए आदर्शों का संग्रह है, जो व्यक्ति को सत्य, धर्म, करुणा और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है। कथा के दौरान उपस्थित भक्तगण भाव-विभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक पोद्दार, सचिव अजय मित्तल, परमेश्वर साहू, मुरलीधर अग्रवाल, दीपक सर्राफ, सुनील अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय अग्रवाल, प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश कास्यंकार, अवधेश मित्तल, प्रमोद प्रजापति, गोविंद प्रसाद, अशोक कास्यंकार, ओमप्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, ओम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## पाखर ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के पाखर ट्रक ओनर एसोसिएशन की बैठक बड़ा तालाब स्थित साहू धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आरिफ हुसैन बबलू ने की। इस मौके पर सैकड़ों ट्रक मालिकों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए खनन एवं परिवहन से जुड़े अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बैठक में ट्रक मालिकों ने मौजूदा परिस्थितियों और परिवहन व्यवस्था में आ रही चुनौतियों पर बेबाक राय रखी। माइंस और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लंबित मामलों के समाधान के लिए कई ठोस सुझाव सामने आये। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों को संगठन के संरक्षक एवं सर्वमान्य अभिभावक, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के समक्ष रखा जायेगा। उनके मार्गदर्शन के अनुरूप ही संगठन आगे की कार्रवाई करेगा। चर्चा के दौरान यह साफ संदेश उभरा कि एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है।

### दशहरा पर्व को लेकर टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# सभी पूजा पंडालों में होगी पुलिस की प्रतिनियुक्ति : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा को भव्य एवं पूरे भक्ति भाव के साथ लेकिन शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, रोड, ट्रैफिक और लाइट आदि विषयों को लेकर आप सभी विभिन्न पूजा समितियों द्वारा प्रमुख रूप से मुद्दों को रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि चैनपुर रोड को दुरुस्त किया जा रहा है, बिजली एवं साफ-सफाई को लेकर बैठक में मौजूद बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता व नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में पर्याप्त दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि पंडालों में साफ-सफाई निगम प्रशासन द्वारा तो कराया ही जायेगा लेकिन साफ-सफाई रखना प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है, आप सभी नागरिक भावना का परिचय देते हुए पंडालो में स्वयं इसका विशेष ख्याल रखें साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम का सहयोग भी करें। निगम द्वारा सभी पंडालो में डस्टबिन उपलब्ध कराया जायेगा।

मौके पर उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पूजा समिति व विभिन्न अखाड़ा समिति के लोग उपस्थित रहे।

### सभी पूजा पंडालो में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य : डीसी

बैठक में डीसी ने सभी पूजा समितियों से कहा कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगायें। यह विभिन्न कार्यों में मदद करेगा। उन्होंने सभी को सेफ्टी के सभी पैरामिटर्स का ख्याल रखने पर बल दिया। बड़े पूजा पंडालो में पावर खपत के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण वायरिंग कराने पर बल दिया। उन्होंने सभी से पंडालो में अग्नि-शामक यन्त्र के साथ-साथ पानी व बालू की व्यवस्था रखना पर बल दिया। इसके पूर्व डीसी-एसपी सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत हुईं। इसके साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर : एसपी

बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं, ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने पिछले दिनों हरिहरगंज का उदहारण देते हुए इसपर सक्रीय रहने की बात कही। इसके साथ ही अग्निशमन यंत्र, बिजली विभाग व भवन निर्माण की ओर से पंडाल का फिटनेस प्रमाण पत्र रखने पर भी बल दिया। बैठक में एसपी ने कहा कि सभी पंडालों में एंट्री और एग्जिट के लिये अलग-अलग लाइन रखना एक तरह से अनिवार्यता है ही लेकिन बड़े पूजा पंडालों में एक अलग से इमरजेंसी एग्जिट रखने पर बल दिया।

# देवघर एयरपोर्ट पर भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे का भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे बुधवार को देवघर पहुंचीं। उनके आते ही एयरपोर्ट का माहौल पूरी तरह फिल्मी अंदाज में तब्दील हो गया। बड़ी संख्या में जुटे प्रशंसकों और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। लोग अपनी पसंदीदा अभिनेत्री को सामने देखकर उत्साह से झूम उठे। कई लोग उनके साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखाई दिये। आम्रपाली दुबे दुमका में आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हवाई मार्ग से देवघर पहुंचीं और वहां से सड़क मार्ग द्वारा दुमका के लिए रवाना हुईं। जैसे ही वह एयरपोर्ट से बाहर निकलीं, भीड़ ने 'आम्रपाली जी जिंदाबाद' के नारे लगाए और उनकी एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की भी होने लगी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए उन्हें कड़े घेरे में बाहर निकाला गया। प्रशंसकों में उन्हें देखने का इतना उत्साह था कि एयरपोर्ट परिसर के बाहर भी लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

भोजपुरी फिल्म जगत में अपनी पहचान बना चुकीं आम्रपाली दुबे को आज के दौर की सुपरस्टार कहा जाता है। उनके आगमन से देवघर और दुमका क्षेत्र में भोजपुरी फिल्म प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना था कि आम्रपाली दुबे बेहद मिलनसार और सरल स्वभाव की हैं, यही कारण है कि लोग उन्हें अपने बीच पाकर गर्व महसूस करते हैं। दुमका में आयोजित डांडिया नाइट में उनके शामिल होने से आयोजन की शोभा और भी बढ़ गयी है।

## वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय के सभागार में वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बैंक के पलामू क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार, शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा और आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी देना है। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं जनधन योजना, एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, बीमा और पेंशन योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नकद रहित लेन-देन, साइबर सुरक्षा और डिजिटल भुगतान की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह, मुखिया ममता देवी, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नवरात्र को लेकर हुसैनाबाद नपं ने करायी क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत, श्रद्धालुओं में हर्ष



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जेपी चौक से स्टेशन जाने वाले मुख्य पथ क्षतिग्रस्त होने के कारण आमलोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। वहीं नवरात्र के महीने में हजारों श्रद्धालु भी स्टेशन रोड दुर्गा मंदिर और रेलवे परिसर में दुर्गा पूजा पंडाल घूमने आते है। श्रद्धालुओं व शहर वासियों के कठिनाई को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासक ने क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती कराई है। नगर पंचायत के द्वारा जेसीबी लगाकर सड़क में बने गड्ढे को समतलीकरण कराकर डस्ट की भरावट की गयी है। जिससे आवागमन सुगम हो गया है। इस संबंध में नगर पंचायत के सिटी मैनेजर हिमानी बाड़ा ने बताया कि एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता के निर्देशानुसार नवरात्र को देखते हुए सड़क की मरम्मती कराई जा रही है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रेहला में कार्यक्रम



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के तहत रेहला में जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में जेबी उच्च विद्यालय व संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के बच्चे भी शामिल हुये। रैली नगर भ्रमण के बाद रेलवे स्टेशन परिसर में भी गयी, जहां आम लोगों के साथ यात्रियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान स्थानीय लोगों, शिक्षकों व छात्रों को स्वच्छता का शपथ भी दिलाया गया। मौके पर रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ,संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले, वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला,नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, निवर्तमान पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, गुलाम नबी अंसारी, रामचंद्र साव, ज्वाला गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# तकनीकी शिक्षा आज की जरूरत : डॉ चंद्रवंशी

**बिश्रामपुर में खुला आर्या कंप्यूटर सेंटर बच्चों को दी जायेगी तकनीकी शिक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



### महालक्ष्मी बर्तन घर और इलेट्रॉनिक दुकान का भी हुआ उद्घाटन

डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बुधवार को एचपी गैस एजेंसी के पास महालक्ष्मी बर्तन घर और इलेट्रॉनिक दुकान का भी उद्घाटन किया। दुकान के प्रो.सत्यनारायण सोनी ने बताया कि वर्तन व इलेक्ट्रॉनिक सामनों के लिये अब यहां के लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सारा समान अब उचित कीमत पर यहीं उपलब्ध है।

**विश्रामपुर (पलामू) ।** आधुनिक तकनीकी शिक्षा देने के उद्देश्य से बिश्रामपुर में आर्या कंप्यूटर सेंटर का बुधवार को शुभारंभ किया गया। सेंटर का उद्घाटन रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा आज की जरूरत है। तकनीकी शिक्षा से विकास के कई अन्य द्वार खुलेंगे। ग्रामीण इलाके के बच्चे न्यूनतम शुल्क में इस सेंटर से तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ेंगे। आर्या कंप्यूटर सेंटर के संचालक चंदन कुमार चंद्रवंशी, गुंजन वर्मा व रवि कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है, ताकि वे बदलते समय की मांग के अनुसार अपने कैरियर का निर्माण कर सकें। चंदन कुमार ने बताया कि इस सेंटर में डीसीए, एडीसीए, टाइपिंग, डीटीपी, सी+, जावा, पायथन सहित अन्य कोर्सेज आधुनिक पद्धति से पढ़ाया जायेगा। मौके पर भाजपा नेता इद्रीश हवारी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, दामोदर यादव, दीपक कुमार, नितिन कुमार, अमन कुमार, राहुल कुमार, दीपक वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# देवघर में पुराने जमीन विवाद में चली गोली, मन्नू राय गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर शहर के बंधा मोहल्ला में पुराने जमीन विवाद को लेकर हुए हमले में गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार, दो अपराधियों ने स्थानीय निवासी मन्नू राय पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में मन्नू राय को दो गोलियां लगी हैं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद उन्हें आनन-फानन में नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मन्नू राय का कई दिनों से एक पुराने जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों के साथ तनाव चल रहा था। इसी रंजिश के कारण बुधवार को अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटा कर अपराधियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर हमलावरों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। इस गोलीकांड से बंधा मोहल्ला के लोग दहशत में हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है और जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है।

# उदय शंकर दुबे को रीजनल उपाध्यक्ष बनने पर पलामू चैंबर ने दी बधाई

**चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि हम सबों को विश्वास है इस वर्ष भी व्यवसायिक हित में पलामू की आवाज बनेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने एक बार पुनः उदय शंकर दुबे को निर्विरोध झारखंड चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रीजनल उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि उदय शंकर दुबे काफी कर्मठ और व्यवसायियों के हर मुद्दे पर सजग रहने वाले तथा पलामू प्रमंडल की बातों को झारखंड चेंबर में प्रमुखता के साथ प्रभावशाली ढंग से झारखंड चेंबर में रखने वाले रीजनल उपाध्यक्ष रहे हैं और हम सबों को विश्वास है इस वर्ष भी व्यवसाईक हित में पलामू की आवाज बनेंगे। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने उदय शंकर दुबे को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उदय शंकर दुबे ने सदस्यों के बीच अपनी बातों को रखते हुए कहा यह जीत पलामू, गढ़वा, लातेहार चेंबर परिवार की है और इस बार के अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा भी काफी सुलझे हुए व्यक्तित्व है जल्द उन्हें और पूरी झारखंड की टीम को मेदिनीनगर आमंत्रित किया जायेगा, जहां पलामू में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर गंभीरता से बात रखी जाएगी। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के अलावा चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, कृष्ण अग्रवाल, अविनाश वर्मा, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबुल,राकेश सोनी,सुमित कुमार, अभय कुमार, टिंकू जी, आलोक माथुर, रितेश कुमार, सुधांशु जी, अमिताभ मिश्रा, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनवर भाई, अरविंद गुप्ता एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने चलाया सफाई अभियान



मधुपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के गड़िया स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में बुधवार को भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया. मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोक्ता के देख-रेख में यह सफाई अभियान मंदिर सहित आस पास के क्षेत्रों में चलाया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के दिशनिर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा को लेकर भी सभी मंदिरों में पार्टी कार्यकर्ता यह अभियान चलाते है। मौके पर घनश्याम रवानी, फुलेश्वर मंडल, राजेश पाठक, सरयू दास, विक्रम शर्मा, विनोद शर्मा, दीपक सिंह, रामशरण पंडित, सुबोध यादव सतनारायण सिंह, कैलाश पांडे, मनोज सिंह, सहदेव पंडित, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बाबा मंदिर प्रांगण के दानपात्र खुला 7.40 लाख से अधिक की आय प्राप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर प्रांगण स्थित सभी दानपात्रों को मंदिर प्रशासन की देखरेख में बुधवार को खोला गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने जानकारी दी कि दिनांक 24.09.2025 को कुल 18 दानपात्र खोले गये।

दानपात्रों से प्राप्त राशि की गिनती के बाद कुल 7,40,958 नकद आय दर्ज की गयी। इसके अलावा दान स्वरूप नेपाली नगद 1800 रुपये एवं 101 अमेरिकी डॉलर भी प्राप्त हुए। गिनती की पूरी प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। दानपात्रों से निकले सभी धनराशि को मंदिर प्रशासनिक भवन में सुरक्षित रखा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गिनती प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी। बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु नियमित रूप से दानपात्रों में अर्पण करते हैं। इस बार प्राप्त राशि से यह साफ झलकता है कि भक्तों की आस्था और विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। मंदिर प्रशासन ने कहा कि दान राशि का उपयोग मंदिर के विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किया जायेगा।

## कबूतरी देवी की 5वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह आवासीय विद्यालय के शिक्षक विंदेश्वरी राम की माता कबुतरी देवी की 5वीं पुण्य तिथि उनके आवास सतगावां में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनीाय गयी। इस अवसर पर दिवंगत कबुतरी देवी की चित्र पर उनके पति केशवरी राम सहित कई सम्मानित व्यक्तियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्य तिथि कार्यक्रम में प्रमोद कुमार रवि, मुखिया गणेश राम, विशेश्वर राम, सुशील कुमार रवि, सुनेश राम, प्रमानंद मेहता, संजय कुमार, राजेश राम, अभिषेक, छोटू सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदान को याद किया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल में मनायी गयी अग्रसेन जयंती और डांडिया नृत्य

# महाराजा अग्रसेन त्याग, सेवा और समरसता के प्रतीक हैं : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल में अग्रसेन जयंती एवं डांडिया नृत्य का आयोजन अत्यंत भव्यता और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में सुबह से ही समाज के लोगों में उत्साह देखा गया। हॉल को आकर्षक रंग-बिरंगी सजावट और पुष्पों से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम मेयर अरुणा शंकर, समाज के अध्यक्ष रंजन अग्रवाल, मधु अग्रवाल, आलोक अग्रवाल एवं प्रमोद अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही वातावरण में 'जय अग्रसेन महाराज' के जयघोष गूंज उठे।

इस अवसर पर अग्रवंशज नारी शक्ति के तत्वावधान में सैकड़ों महिलायें, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। समाज की महिलाओं ने आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण यह रहा कि प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने स्वयं भी डांडिया नृत्य कर सभी को प्रोत्साहित किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों और युवाओं ने गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर माहौल को और भी जीवंत बना दिया। वहीं अरुणा शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन त्याग, सेवा और समरसता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। हमें निरंतर इस तरह के उत्सव मनाते रहना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी भी हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु अग्रवाल ने की जबकि आयोजन की जिम्मेदारी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रंजन अग्रवाल एवं उनकी टीम ने संभाली। इस अवसर पर रूपांजलि अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा देवी, प्रभात अग्रवाल, रिशु अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, भोला अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, रानी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राखी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, विकास अग्रवाल सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मधुपुर केनरा बैंक के निकट बम की अफवाह से मची अफरा-तफरी



मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर थाना क्षेत्र के केनरा बैंक के समीप व HDFC बैंक से महज 20 गज की दूरी पर एक लावारिस बैग से बम की अफवाह से लोगों में अफरा तफरी मच गयी। जिसकी सूचना मधुपुर थाने को दि मौके पर थाना के सब-इंस्पेक्टर औरंगजेब एएसआई सामंत कुमार मौके पर पहुंची और छान बीन की। बाद में पुलिस ने देखा कि बैग में घड़ी नुमा दो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखा था। अफवाह से लगभग आधा घंटा अफरातफरी का माहौल रहा व यातायात बाधित रहा। बता दें कि एचडीएफसी बैंक में बीते सोमवार को चार करोड़ दस लाख डकैतों ने लूट लिया था। जिस कारण पूर्व से भी लोगो में भय का माहौल व्याप्त है। वहीं पुलिस ने बताया कि यह एलपीजी किट है।

## देवघर कांग्रेस के नेताओं ने नये एसपी सौरभ कुमार का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश, जिला महासचिव-सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, जिला महासचिव विवेक मिश्रा एवं सोशल मीडिया प्रभारी अमित कुमार पांडेय ने देवघर के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार से मुलाकात की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। भेंट वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि नये पुलिस अधीक्षक के आने से जिले में कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी। नेताओं ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की नगरी में आपका हार्दिक स्वागत है। वहीं, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कांग्रेस नेताओं के स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जुड़ाव सदैव आम जनता से रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और जनसमन्वय से ही बेहतर प्रशासन संभव है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जनता सीधे अवगत कराए, उस पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इस मुलाकात को लेकर जिले की राजनीतिक व सामाजिक हलकों में सकारात्मक संदेश गया है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि नए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में देवघर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# शिविर लगाकर की गयी 166 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में स्वयंसेवी संस्था पिरामल स्वास्थ्य और बसिया रेफरल अस्पताल की ओर से संयुक्त रूप से चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 6, 7, 8 और 9वीं के 166 विद्यार्थियों की जांच कर जरूरी दवाइयां दी गयी। इस दौरान छात्रों का हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी एवं मलेरिया के साथ ही आंखों की भी जांच की गयी। शिविर में रेफरल अस्पताल के दंत चिकित्सक डॉ नीतिश कुमार, प्रवीण टोप्पो, आदित्य कुमार रवि. रानी तिर्की, निर्मला कुल्लू, बीपीएम संदीप कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं, रांची के पिरामल स्वास्थ्य से शेख नौशाद अख्तर एवं जूही कुमारी, वरीय कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक पिरामल गुमला से संजीत एक्का, रजनी किस्कू, प्रोग्राम लीडर रुखसार आदि का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान टीआइएसएस मुंबई के छात्र जिग्नेश संथाला, हर्ष भोराडिया और सचिन कुमार भी उपस्थित थे। इन सभी चिकित्सकों-स्वास्थ्य कर्मियों के साथ प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने बैठक भी की, जिसमें छात्रों एवं उनके परिवार के लोगों के स्वास्थ्य, विशेषकर मधुमेह और हाइपरटेंशन की अवस्था और समाधान विषय पर सकारात्मक बातचीत हुई।

# बाइक-ट्रक की भिड़ंत में दो की मौत

## बस से आगे निकलने की होड़ में हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** ट्रक और बाईक के बीच कामडारा बस्ती के पास हुई भीषण टक्कर में बुधवार को बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों की पहचान विष्णु लोहरा (20) और जतरू स्वांसी (40) के रूप में हुई है। विष्णु लोहरा जामटोली गांव और जतरू स्वांसी जरिया गांव का रहने वाला था। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेवार ट्रक के साथ ही क्षतिग्रस्त बाइक को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह 9.30 बजे खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर कामडारा बस्ती (दूर्गा मंदिर) के समीप बाइक और ट्रक के बीच अचानक भिड़ंत हो गयी। ट्रक के नीचे सिर आ जाने के कारण बाइक चालक विष्णु लोहरा की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक पर पीछे बैठा जतरू स्वांसी ट्रक के नीचे फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत बाहर निकाल कर ईलाज के लिये कामडारा सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देख तुरंत रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। पर रिम्स अस्पताल पहूंचने के पहले ही जतरू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पता चला है कि दोनों सुबह 9.15 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर जरिया गांव से कामडारा बस्ती समान खरीदने जा रहे थे। हालांकि कामडारा बस्ती पहूंचने के पहले एक यात्री बस से आगे निकलने की होड़ में सिमडेगा की ओर से आ तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रक से सीधी टक्कर हो गयी। पुलिस ने शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेसी मुख्तार आलम की पहल से दो दिव्यांगों को मिला बैटरी रिक्शा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस असंगठित कामगार के अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने पहल करते हुए दो सम्मानित दिव्यांग व्यक्तियों को बैटरी से चलने वाली ट्राई-साइकिल उपलब्ध कराई। कई सालों से आर्थिक और शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे इन दिव्यांगों के लिए यह मदद किसी संजीवनी से कम नहीं है। मुख्तार आलम ने बताया कि ये दोनों दिव्यांग व्यक्ति लंबे समय से रिक्शा पाने की उम्मीद में थे, लेकिन लगातार निराशा मिलने के बाद उन्होंने आस छोड़ दी थी। मुख्तार आलम ने उनकी परेशानी देखी और ठान लिया कि वह इन दोनों को उनका हक दिलवाकर रहेंगे। उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों के साथ गुमला डीसी से मुलाकात की और उनकी समस्या को विस्तार से बताया। डीसी ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसके बाद इन दोनों जरूरतमंद दिव्यांगों को बिना किसी देरी के बैटरी ट्राई-साइकिल रिक्शा उपलब्ध कराया गया। मुख्तार आलम ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करें। ये लोग कई सालों से लाचार और बेबस थे, लेकिन मुझे खुशी है कि हम उनकी आशा की किरण को बुझने नहीं दिए। यह रिक्शा मिलने से अब वे आत्मनिर्भर बनेंगे और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकेंगे।

# विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना से 14 एवं कल्याण विभाग से मिले 69 निःशुल्क साइकिल का वितरण कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के बीच बीपीएम सरफराज अन्सारी की अगुवाई में हुआ। जिससे स्कूली बच्चों मे खुशी देखी गई। सरफराज अंसारी ने कहा कि विद्यार्थी साइकिल की मदद से समय पर आसानी से स्कूल आना जाना कर सकेंगें। कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए हर तरह के प्रयास कर रही है जिसका लाभ उठायें। इस मौके पर बीआरपी रीना कुमारी, निर्भय कुमार, सेवंती कुमारी आदि उपस्थित थे।

# त्योहारों के दौरान लोगों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोपरि: प्रेरणा दीक्षित

### डीसी ने त्योहारों को लेकर शहरी क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने बाजार समिति, रागी प्रोसेसिंग सेंटर, पर्यटन भवन के पीछे स्थित जमीन-पार्क और पुग्गू स्थित सरकारी भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने नगर परिषद कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। लगे हाथ रागी प्रोसेसिंग सेंटर में तैयार हो रहे रागी आधारित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की और खुद उसका स्वाद लेकर उत्पादन मानकों की समीक्षा की। वहीं, पुग्गू स्थित सरकारी जमीन पर प्रस्तावित बस स्टैंड निर्माण के विषय में विस्तृत चर्चा की। कहा कि सभी तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं की जांच के बाद ही उचित निर्णय लिया जाएगा। उधर, निरीक्षण के दौरान बाजार समिति परिसर में सोलर लाइट को शीघ्र ठीक कराने और वहां दुकानों की संख्या बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। डीसी ने नगर परिषद को विशेष निर्देश दिया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर के सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई, प्राथमिक सुविधाओं, लाइटिंग व्यवस्था और अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान लोगों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए, जिसके लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर गुमला सीओ, नगर परिषद कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

# बाइक-स्कूटी की टक्कर, तीन घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इटकीरी के समीप स्कूटी और बाइक की टक्कर में बाइक सवार रामदयाल कुमार, छोटू उरांव और दो साल की बच्ची लवली कुमारी घायल हो गयी। तीनों घायलों को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रामदयाल कुमार को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार तीनों बाइक पर सवार होकर आदर से देवाकी पेट्रोल पंप जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से जा रहा स्कूटी सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार तीनों घायल हो गए। घायल रामदयाल देवाकी स्थित एक निजी फ्लाई एक्स ब्रिक्स में मिस्त्री का काम करता है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के हुसैन नगर में बुधवार की शाम 5.30 बजे पैसों को लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक पक्ष के इसराइल खान, अब्दुल मजीद और मोहम्मद रज्जब, जबकि दूसरे पक्ष से आमना परवीन घायल हो गए। घायल आमना परवीन की मां हलीमा खातून ने बताया कि उसका बेटा मोहम्मद यूसुफ 8000 रुपया साहिल को दिया था। जिसमें से 1500 रुपये छोड़कर बाकी पैसा लौटा दिया था। पर बुधवार को बाकी बचे 1500 रुपये मांगने पर दोनों परिवार में विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों ने गुमला थाना में शिकायत करने की बात कही है। फिलहाल दोनों पक्ष से एक-एक लोगों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मरम्मति कार्य के चलते चार घंटे तक बिजली सेवा बाधित

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा-बसिया फीडर में चल रहे मरम्मति कार्य के चलते बुधवार को बसिया फीडर में विद्युत आपूर्ति चार घंटे बाधित रहा। उसकी जानकारी कामडारा विद्युत आपूर्ति पावर ग्रिड के सहायक विद्युत अभियंता धीरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए दोपहर 12.20 बजे से शाम पांच बजे तक बसिया फीडर जानेवाली वाली लाईन के इर्दगिर्द सभी झाडियों एवं पेड़ की टहनियों की कटाई की गयी, ताकि निर्बाध रुप से विद्युत आपूर्ति जारी रहे। बताया कि गुरुवार को बसिया-पालकोट फीडर में भी मरम्मति कार्य होगा। इस दौरान पालकोट फीडर में लगभग एक घंटे सुबह 10 बजे से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। मरम्मति कार्य में राजकुमार, मोती, तुला आदि का योगदान रहा।

# चार करोड़ की लागत से होगा बभनी खाड़ डैम का जीर्णोद्धार



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच में स्थित बभनी खाड़ डैम के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास गढ़वा जिला के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे ने किया। उन्होंने कहा कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने विकास के पैमाने पर इस क्षेत्र को ऊंचा मुकाम हासिल कराया है। विकास के साथ ही इस क्षेत्र को सजाने के लिए पलामू सांसद संकल्पित है। वहीं, प्रमोद चौबे ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित योजना अमृत दो के तहत लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से बभनी खाड़ डैम का जीणोद्धार कार्य किया जाएगा। पलामू सांसद बीडी राम ने इसकी अनुशंसा की थी। जिसके बाद बुधवार को श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्रवासियों के लिए एक पर्यटन युक्त स्थान को विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी राज कमल, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चोबे, अविनाश कुमार और माथुर पासवान आदि उपस्थित थे।

# छोटा पसंगा गांव से सात बकरियां चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के छोटा पसंगा गांव निवासी रविंद्र गोप की सात बकरियां मंगलवार की रात चोरी हो गयी। इस बाबत पीड़ित ने मंगलवार की शाम चार बजे थाना में आवेदन देकर बकरियों को खोजने और चोरों को पकड़ने की मांग की है। रविंद्र ने बताया कि सोमवार की रात बारिश हो रही थी। इसी का फायदा उठाकर चोर टाट तोड़कर अंदर घुसे और तीन बकरी और चार खस्सी चोरी कर फरार हो गये।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (सामान्य शाखा)

**::– आम सूचना –::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिलान्तर्गत निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति का नवीकरण नही कराया जा रहा है।

आयुध नियम 2016 के कंडिका 24 में प्रावधानित है कि शस्त्र अनुज्ञप्ति की वैद्यता अवधि की समाप्ति के 60 दिनों के पूर्व अनुज्ञप्तिधारी को जिला शस्त्र दण्डाधिकारी के समक्ष शस्त्र अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु आवेदन समर्पित करना आवश्यक है। अन्यथा शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

अतः निदेश दिया जाता है कि शस्त्र अनुज्ञप्ति नवीकरण करने हेतु अनुमान्य शुल्क सहित आवेदन सामान्य शाखा, कोडरमा के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें। Submit Application by 15.10.2025

ह0/–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 362817 District(25-26)#D

## कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग-सह-चतरा

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर**

प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची के निदेशानुसार MSME इकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 25.09.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से Acme Education Solution Pvt. Ltd., Near Municipal Nagar Bhawan Road, Chatra में निःशुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उद्यमियों का उद्यम निबंधन किया जाएगा।

अतः चतरा जिला के सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में अपने उद्यम/इकाई के निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर के साथ भाग लेंगे।

महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र,
हजारीबाग–सह–चतरा

PR 362759 Industries(25-26).D


# वर्षों से फरार चल रहे वारंटियों को धुरकी पुलिस ने दबोचा

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। यह कार्रवाई गढ़वा एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। उनकी पहचान प्रेमन परहीया (46) और राजेश परहीया (38) के रूप में हुई है। दोनों धुरकी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। अपने-अपने मामलों में वर्षों से फरार चल रहे थे। इन मामलों की सुनवाई न्यायालय में लंबित थी, लेकिन आरोपी पेश नहीं हो रहे थे। थाना प्रभारी ने जनार्दन राउत नें बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि वारंटियों की गिरफ्तारी से न्याय प्रक्रिया को गति मिलेगी और फरार अपराधियों पर भी अंकुश लगेगा। इस अभियान में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अन्य फरार वारंटी भी शीघ्र आत्मसमर्पण करें। यदि वे न्यायालय या संबंधित थाना में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

## चेंबर और व्यापारियों के साथ एसबीआइ प्रबंधन की बैठक

# 26 सितंबर को शिविर लगाकर व्यापारियों को दिया जायेगा 10-20 का नोट-सिक्का

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पालकोट रोड स्थित एसबीआइ की मुख्य शाखा में बुधवार को बैंक प्रबंधन, गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यापारियों की बैठक हुई। जिसका आयोजन गुमला एसबीआइ के प्रबंध समिति ने किया। इसमें स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही चेंबर के माध्यम से सरलता से व्यापारियों को सारी सुविधाएं मुहैया कराये जाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता गुमला एसबीआइ के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने की। उनके साथ सत्येंद्र तिवारी, दिवाकर प्रसाद सिंह, रंजीत कुमार और मुकुल जोजो भी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य मुद्दा बैंक की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी व्यापारियों तक पहुंचाना था। सर्वप्रथम बैंक की तरफ से चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, गुमला चेंबर के अध्यक्ष राजेश सिंह एवं सचिव बबलू वर्मा को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। वहीं, शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने करंट अकाउंट के बारे में जानकारियां दी। खाता धारकों को 10, 20 के नोट एवं 10-20 रुपये के सिक्का वितरण, बचत खाता खोलने की विधि पर चर्चा की गई। इसके अलावा पहले के मुकाबले में बैंक में दी जा रही सुविधाएं और योजनाओं की जानकारी दी गई। रांची से आए लोन डिपार्टमेंट के दिवाकर प्रसाद सिंह ने लोन से संबंधित कई जानकारियां दी। बताया कि मुद्रा लोन से लेकर सीसी लिमिट या किसी भी तरह के लोन के लिए अलग व्यवस्था की गई है। वहीं, बैंक पदाधिकारी सत्येंद्र जैन तिवारी ने करंट अकाउंट के कई वेरिएंट के बारे में बताया और उसे कैसे संचालित करना है उसकी विस्तृत जानकारी दी। वहीं, सिमडेगा शाखा से आये मुकुल जोजो ने भी लोन की सरल प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और आम व्यापारियों से एसबीआइ में खाता खुलवाने का आग्रह किया। जबकि चेंबर के तरफ से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा कि आज से 10-12 साल पहसे एसबीआइ में ग्राहकों को असुविधा होती थी। लेकिन अभी इसमें काफी सुधार हुआ है। प्रबंधन समिति से उन्होंने मांग की कि आम व्यापारियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जाए। राजेश सिंह ने दशहरा से पूर्वी 10 और 20 रुपये का करेंसी एवं सिक्का वितरण करने की मांग रखी। जिसे बैंक की ओर से पूरा करने का आश्वासन मिला। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया कि पहले लोन की प्रक्रिया काफी जटिल थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया सरल कर दी गयी है। चेंबर अध्यक्ष की मांग पर व्यापारियों की सुविधा को देखते हुए 26 सितंबर को एसबीआइ शाखा परिसर में ही बैंक प्रबंधन समिति की तरफ से 10-20 रुपये का करेंसी एवं सिक्के के वितरण के लिए शिविर लगाया जाएगा।। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिन बबलू वर्मा, गुमला चेंबर में बैंकिंग विभाग के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, सहसचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी, कार्यकारणी के पंकज खंडेलवाल, राहुल केसरी, बृज फोगला, संदीप प्रसाद, पंकज सोनी, अमर कुजूर, रेहान अहमद, साकेत कुमार, नीतीश कुमार लाल और सुदामा शर्मा आदि उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा
Office e-mail id- itikoderma@gmail.com

**महत्वपूर्ण सूचना**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा शैक्षणिक सत्र– 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसाय के रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु अठवीं एवं दसवीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन SPOT Round Counselling से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना।**

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक– 5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2025–1302, दिनांक–12.09.2025 एवं डी0जी0टी0 के पत्रांक– DGT-MIS011/1/2025-O/o DIR(TC)[71015], दिनांक– 11.09.2025 एवं 5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2025–1306, दिनांक– 18.09.2025 के आलोक मे निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा में शैक्षणिक सत्र– 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसाय के रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत है:–

| Sl no. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 01 | SPOT Round online Admission (Seat Allotment and Admission ) | 19.09.2025 से 30.09.2025 तक |

02. ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व में पोर्टल में निबंधन नहीं हुआ है वैसे इच्छुक अभ्यर्थी जो नामांकन के लिए सभी अर्हता रखते हैं एवं वांछित दस्तावेज उनके पास उपलब्ध है तो उनका दिनांक– 19.09.2025 से 30.09.2025 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा में **On The SPOT online Registration** करके व्यवसाय/सीट का आवंटन एवं नामांकन किया जायेगा।
03. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा में **SPOT Round online Admission** लिया जायेगा। **SPOT Round online Admission** के दौरान विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve Basis पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जायेगा। **SPOT Round** में **Admission Module** में निबंधित अभ्यर्थियों का भी इस संस्थान द्वारा नामांकन लिया जायेगा।
04. दसवीं पास/आठवीं पास वाले अभ्यर्थी जिनका दसवीं/आठवीं में सामान अंक प्राप्त हुए हैं ऐसी स्थिति में पोर्टल में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
05. शेष अन्य सूचनाएं/निदेशालय पत्रांक 638, दिनांक– 07.05.2025 एवं पत्रांक– 639, दिनांक– 07.05.2025 के अनुसार यथावत रहेगी।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कोडरमा

PR 362799 (Labour Employment and Traning)25-26*D

## दिलीप सिंह ने नगर निगम की महिला सफाई कर्मियों को दी साड़ी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के पूर्व युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह ने बुधवार को धनबाद नगर निगम के महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदियों को साड़ी का वितरण किया। दिलीप सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार के पूर्व आज महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदियों को साड़ी का वितरण किया गया। श्री सिंह ने कहा कि हमारे सफाई कर्मी नगर निगम की प्रमुख कड़ी हैं। इनके कारण ही हमारा धनबाद शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है।आप सब इसी प्रकार मेहनत करें,जिससे कि आपका हमारा धनबाद शहर साफ और स्वच्छ रहे।श्री सिंह ने स्वच्छता दीदियों को किसी भी प्रकार की समस्या और जरूरत होने पर उनकी संस्था युवा संघर्ष मोर्चा से संपर्क करने को कहा।इस दौरान महिला कर्मी चंदा देवी ने कहा कि हम रोज शहर की सड़कों की सफाई करते हैं। आज भाई की ओर से हमें साड़ी मिली, इससे हम बहुत खुश हैं। मौके पर अनिल अग्रवाल, भाजपा नेता दिलीप कुमार, पिंटू मोदी, अभिषेक आदि मौजूद थे।

## नावाडीह में फैक्ट्री आउटलेट का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा पार्क के समीप नावाडीह में फैक्ट्री आउटलेट शोरूम का उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री और झारखंड और राज्य के राजद महासचिव सत्यानंद भोगता ने फीता काटकर किया। जहां समाजसेवी राकेश कुमार ऋषिकांत कुमार और सूरज कुमार ने उन्हें पुष्प कुछ ऋषिकांत कुमार और सूरज कुमार ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत सम्मानित किया। उन्होंने संपूर्ण शोरूम का भ्रमण कर सभी प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया और सभी प्रोडक्ट्स की कीमतों और क्वालिटी की तारीफ करते हुए कहा कि विभिन्न वैरायटी, हर रेंज और वजीब कीमतों की वजह से धनबाद का यह सर्वश्रेष्ठ शोरूम है। मीडिया द्वारा जीएसटी पर सवाल पूछे जाने पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जीएसटी पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले तो महंगाई बढ़ाई और अब बिहार चुनाव को देखते हुए जीएसटी में कटौती करके वाह वाही लूटना चाहती है। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की लहर है। वही उन्होंने झारखण्ड में चल रही हेमंत सरकार के कार्यों की सराहना की एवं मंईया सम्मान योजना की खूब प्रशंसा की। शोरूम में अतिथियों की सेवा सत्कार में सुवन सिंह,मुन्ना सक्रिय थे।

## स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन



**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री विजयदशमी उत्सव सिंदरी नगर में मनाया गया। सिंदरी के सैकड़ो स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में विद्यालय से प्रारंभ कर नेहरू मैदान, एसीसी हनुमान मंदिर भुजा मोड़ मिलन चौक, विद्यापति परिषद, गायत्री मंदिर होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर पहुंच चौक चौराहा पर समाज के अनेक बंधुओ ने पुष्प वृष्टि कर भारत माता की जय, वंदे मातरम के साथ स्वागत किये। विद्यालय परिसर में संघ के स्वयंसेवक समाज के गण मान बंधु, महिला-पुरुष बच्चे ऐसे सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थिति थे। शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस कार्यक्रम में आलोक कुमार (सह कार्यवाह) केशव गाड़ोदिया (धनबाद विभाग संघचालक) नित्यानंद पांडेय (धनबाद महानगर संघचालक) संजय कुमार (प्रांत कार्यवाह) गोपाल (प्रांत प्रचारक) दिलीप गोपीनाथ (सिंदरी नगरकार्यवाह) के साथ नगर के स्वयंसेवक उपस्थित थे। आलोक ने कहा कि विजयदशमी उत्सव एक महत्वपूर्ण दिन है इसी दिन बुराई के प्रतीक महिषासुर का देवी दुर्गा ने संहार किया था। रावण का वध राम के द्वारा किया गया था। पांडवों ने शमी वृक्ष से शस्त्र उठाया था। डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हिंदु समाज को संगठित कर राष्ट्र को बलशाली बनाने के लिए किया। संघ संस्थापक का संदेश था कि स्वयंसेवक वे सभी काम करेंगे जो राष्ट्रहित में हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 101 वें वर्ष में पंचप्रण का संकल्प लिया है जिसमें सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण,स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य है। एक कुशल नागरिक बनने के लिए हमें सभी स्वजनों के स्नेह की आवश्यकता है ।अत: परिवार जागरण का काम करना है। कार्यक्रम का संचालन नगर बौद्धिक प्रमुख श्री सुनील कुमार पाठक, मुख्य शिक्षक सिंटू कुमार ने किया।

## सामाजिक चेतना के लिए स्वयं से करें पहल : डीसी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला एनकोर्ड समिति की बैठक हुई। मौके पर उपायुक्त ने नशा मुक्ति को केवल प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का अभियान बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से स्वयं पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यालय जनता की सेवा का मंदिर है। यहां आने वाले हर व्यक्ति को सकारात्मकता, स्वच्छता और विश्वास का अनुभव होना चाहिए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि यदि औचक जांच में किसी कर्मचारी को नशा करते पाया गया तो केवल उस व्यक्ति पर नहीं बल्कि कार्यालय प्रधान पर भी कार्रवाई की जाएगी। पिछली बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों को गांव-गांव, विद्यालय-विद्यालय और कार्यालय-कार्यालय तक पहुंचाना होगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जनसंपर्क विभाग सभी विभागों के समन्वय से नशा मुक्त बोकारो का डिजाइन तैयार करेगा। यह डिजाइन नहीं केवल जिले की पहचान बनेगा, बल्कि हर कार्यालय, विद्यालय और सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित होगा। बैठक के समापन पर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को कहा कि नशामुक्ति केवल कानून या नियम का विषय नहीं है। यह बच्चों की मुस्कान, हमारी माताओं की आंखों का सुकून और हमारे समाज की शांति का प्रश्न है। हम सब मिलकर यह ठान लें कि बोकारो नशे की गिरफ्त से मुक्त होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा पियूष, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, ड्रग इंस्पेक्टर, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# बिहार में लूटा गया 40 लाख का खाद्य तेल बोकारो में जब्त

- तेल को बोकारो में थी खपाने की तैयारी
- बिहार से पुलिस पहुंची बोकारो इनपुट के आधार पर मारा छापा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बिहार में ट्रक से 40 लाख की लूट कांड के उद्भेदन को लेकर बिहार पुलिस ने बुधवार को बोकारो के चास आइटीआइ समीप घर में माल उतारने के दौरान पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर छापा मारा गया। इस छापे में लूटा गया माल को भी पुलिस ने जप्त किया है और जप्त कर बिहार पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार बंगाल के हल्दिया डिपो से पटना डिपो के लिए ट्रक से चले इमामी हेल्दी एंड टेस्टी के 2268 कार्टून सोयाबीन और राइस ऑयल बिहार के गौरीचक थाना क्षेत्र से लूट हुई थी। चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करते हुए उसे फेक दिया गया था। लूट गया ट्रक स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर की सूचना पर पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के तेलीडीह नेशनल हाईवे 23 किनारे घर के पास से पुलिस ने बरामद किया है। माल को एक घर में उतारा जा रहा था। मौके से चालक और ड्राइवर फरार हो गये हैं। जानकारी के मुताबिक ट्रक से कार्टून को रामनगर कॉलोनी के रहने वाले रमेश गुप्ता के द्वारा उतरवाया जा रहा था। इमामी हेल्दी एंड टेस्टी के सेल्स मैनेजर के अनुसार डिस्ट्रीब्यूटर के द्वारा माल उतारे जाने की जानकारी दी गयी थी कंपनी से पता करने पर बताया गया कि ऐसा कोई माल बोकारो नहीं गया है लेकिन कंपनी ने बताया कि हल्दिया से पटना के लिए चला ट्रक गायब है। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी लूटा गया ट्रक माल सहित बरामद किया गया है। ट्रक में माल की कीमत लगभग 40 लाख रुपए है। माल उतारने वाले फरार हैं घर वाले और माल उतारने वाले के जानकारी पुलिस जुटी हुई है।

## सोनू यादव हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वासेपुर में 22 वर्षीय सोनु यादव की हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर ली है। इस मामले में पुलिस ने उसके ही दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी तुलसी विश्वकर्मा उर्फ फेकन (28) ने पूछताछ में सोनु की हत्या करने की बात स्वीकार की है।आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व हुए विवाद में सोनु ने उसे गाली-गलौज कर अपमानित किया था। इसी गुस्से में उसने सोनु की चाकू मारकर और गला रेतकर हत्या कर दी थी। मामले की शुरूआत सोमवार को हुई थी, जब बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के मटकुरिया आंगनबाड़ी केंद्र स्थित सूखे टंकी से सोनु यादव का शव बरामद हुआ था। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी थी। पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद आरोपी ने शव को छिपाने की नीयत से टंकी में फेंक दिया था।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आइजी, बोकारो सुनील भास्कर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## बोकारो के चित्रकार सरोज कुमार को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के प्रख्यात चित्रकार सरोज कुमार मिश्रा को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। सम्मान समारोह बुधवार को नयी दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, 15 जनपथ में आयोजित हुआ। यह पुरस्कार राष्ट्रीय ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के अवसर पर प्रदान किया गया। जिसमें सरोज कुमार मिश्रा को चित्रकला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया।राष्ट्रपति ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा, ह्लयह पुरस्कार न केवल सरोज कुमार मिश्रा की कला प्रतिभा को सम्मानित करता है, बल्कि यह हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित करता है। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद अपने उद्बोधन में सरोज कुमार मिश्रा ने भावुक शब्दों में कहा कि मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति महोदया का आभारी हूं। यह पुरस्कार मुझे और अधिक प्रेरित करता रहेगा कि मैं चित्रकला के क्षेत्र में और भी उत्कृष्ट कार्य करूं। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं । उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को देशभर में गौरवान्वित करता है।कार्यक्रम में संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल, अतिरिक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई, तथा ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ नंद लाल ठाकुर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सभी ने सरोज कुमार मिश्रा को उनकी उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## केशवी केयर फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को केशवी केयर फाउंडेशन के द्वारा अशरफी अस्पताल की मदद से जगन्नाथ मंदिर अलकडीहा में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का लाभ आस पास के गांव की 125 से ज्यादा महिलाओं ने लिया। ब्लड प्रेशर, शुगर वजन एवं अन्य जांच की व्यवस्था अशरफी के डॉक्टरों के द्वारा की गयी और सभी महिलाओं को स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन के बारे में बताया गया। फाउंडेशन के अंकित अरुण एवं संदीप शास्त्री ने बताया कि हम निरंतर शिक्षा स्वास्थ एवं स्वछता के लिए गांवों में प्रयास कर रहे है।

## विधायक राज सिन्हा ने जीएसटी बचत उत्सव के साथ स्वदेशी अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सदर मंडल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पार्क मार्केट हीरापुर एवं अन्य बाजारों में घूम-घूम कर जीएसटी बचत उत्सव के साथ स्वदेशी अभियान बाजार क्षेत्र में चलाया। विधायक श्री सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आमजन एवं दुकानदारों से मिलकर स्वदेशी खरीदने- बेचने एवं अपनाने का आग्रह भी किया। विधायक श्री सिन्हा ने दुकानदारों को गुलाब का फूल देकर जीएसटी रिफॉर्म की चर्चा कर, स्वदेशी सामानों की ज्यादा से ज्यादा खरीद बिक्री करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आयोजित जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत व्यवसायियों, आमजनों और युवाओं से एक संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस उत्सव का उद्देश्य न केवल जनता को जीएसटी से जुड़ी बचत योजनाओं की जानकारी देना है, बल्कि स्थानीय व्यापार के बढावें हेतु लोगों को जागरुक भी करना है। बचत उत्सव अब केवल एक योजना नहीं बल्कि जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जहां हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आने वाले दिनों में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। बाजार भ्रमण और आमजन-व्यवसायी संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, सदर मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, निर्मल प्रधान, उमेश सिंह, श्रवण झा, किरण सिंह, श्याम वर्मा, आशा पांडेय, अनुपम शरण, जितेंद्र मालाकार, देवाशिष हाजरा, माइकल कुमार, राजीव सिंह, अमित शाहू, मनोज रिंकू, लड्डू सिंह, अमित तिवारी, भाजयुमो अध्यक्ष अमित विशाल सहित कई अन्य मौजूद थे।

## बीएसएल के सिंटर प्लांट में टूल बॉक्स टॉक और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग में टूल बॉक्स टॉक एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिंटर प्लांट-1 में कुल चार इएसपी की स्थापना से संबंधित परियोजना कार्य के अंतर्गत मेसर्स बीएचइएल द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनिष सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) पीएच शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पी चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे, महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) आइ मुखर्जी, महाप्रबंधक (परियोजनाएं) दिलीप कुमार सहित सिंटर जोन परियोजना से जुड़े बीएसएल अधिकारी, मेसर्स बीएचईएल के वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ की गयी। इस अवसर पर श्रमिकों को स्टील प्लांट एवं विशेष रूप से परियोजना कार्य से संबंधित संभावित सुरक्षा खतरों की जानकारी दी गयी। सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षा क्विज का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित कर उपहार प्रदान किये गये।

## बोकारो के पर्यावरण-मित्र आश्रम में 'स्वास्थ्य और आयुर्वेद' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आयुर्वेद दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा बोकारो के पर्यावरण-मित्र आश्रम में 'हमारा स्वास्थ्य और आयुर्वेद' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। ज्ञात हो कि 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस के रूप में केंद्र सरकार द्वारा घोषित कर इसके महत्व को जनजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। संस्थान द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए देश के प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने तथा संचालन महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने किया। आयुर्वेद के ऊपर प्रकाश डालते हुए संस्थान के उपाध्यक्ष वैद्य गणेश साव ने अड़ूसा, गिलोय, कचनार, कंटकारी, सरफूंका, अपामार्ग जैसी अनेकों औषधीय पौधों के विषय में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे स्वस्थ के लिए अमृत की तरह गुणकारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुष चिकित्सक डॉ पूर्णेंदु गोस्वामी ने कहा कि सरकार द्वारा आयुर्वेद को जनसुलभ और सस्ता इलाज के रूप में लोगों के लिए उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास किया जारहा है। वैद्य राजेश पाठक ने कहा कि आज आयुर्वेद पर अनेक शोध हो रहे हैं और अनेकों औषधियां बनायी जा रही हैं जो रामबाण की तरह काम कर रही हैं। मुकुल ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं तथा विदेशी चिकित्सा पद्धतियों ने आयुर्वेद के ज्ञान और इसकी पुस्तकों को नष्ट करने का काम किया है साथही इसके विषय में भ्रामक प्रचार कर इस चिकित्सा पद्धति को बहुत ही नुकसान किया है। संगोष्ठी में रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा, वैद्य गणेश साव, डॉ पूर्णेंदु गोस्वामी, वैद्य राजेश पाठक, उमेश शर्मा, मृणाल चौबे, ब्रजेश मिश्र शप्पू, अजीत भगत, मनीष झा, डीके त्रिवेदी, अनुराग मिश्र, ललित कुमार, कुंदन उपाध्य सहित कई विशिष्ट लोगों ने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## गिरिडीह में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर प्रशासन तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** आगामी पर्व दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण और प्रशासनिक तैयारियों को लेकर आज नगर भवन में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त रामनिवास यादव के द्वारा क्रमवार सभी अनुमंडल/ प्रखंडों व थानों से जिले में दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि शांति समिति की बैठक पूर्ण किया जा चुका है।

पूजा पंडाल समितियां के साथ भी बैठक किया जा चुका है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। सहित अपने-अपने तैयारी के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन से दुर्गा पूजा के दौरान बिजली, पानी, यातायात व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर माननीय उच्च न्यायालय और राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु बैठक आयोजित की गयी है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाये। पंडालों में समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री और एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, इसका भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाये। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ पर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जाए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे भी अवश्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन वालो रूटों का भ्रमण करना जरूरी है। सभी पंडालों में फायर सेफ्टी और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची
### कार्यालय-आदेश

**(काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय)**

झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं० 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 के आधार पर सहायक आचार्य संवर्ग अंतर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा-6 से 8) भाषा के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की संशोधित सूची के अनुसार (कुल 32) की जिला स्तरीय काउंसिलिंग की तिथि दिनांक 27.09.2025 को स्थान समाहरणालय भवन, ए.ब्लॉक. कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के कमरा संख्या 109 में निर्धारित की गयी है। झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञान सं० 13/2023 के आलोक में विभाग द्वारा प्राप्त सफल घोषित एवं अनुशंसित कुल 32 संशोधित अभ्यर्थियों की सूची एवं जाँच-पत्रक, दिशा-निर्देश एवं शेडयूल आवश्यक कार्यार्थ संलग्न है, जो जिले के अधिकारिक बेबसाईट www.ranchi.nic.in पर भी उपलब्ध है।

सभी सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि संलग्न जाँच-पत्रक को सही-सही भरकर काउंसिलिंग की तिथि एवं निर्धारित समय पर अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक मूल प्रमाण-पत्र सहित (02 प्रति) में स्व० अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। मूल शैक्षणिक/ प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं स्व: अभिप्रमाणित छायाप्रति जाँच पत्रक के क्रम विन्यास के अनुसार 02 फोल्डर में संधारित करते हुए काउसिंलिग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। फोल्डर के ऊपरी भाग में साफ-साफ बड़े अक्षरों में सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, क्रमांक, कोटि एवं विषय आवश्यक रूप से अंकित करेंगे। इस संबंध में सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों को उनके वाट्सएप/एस.एम.एस एवं ई.मेल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया गया है।

**निर्धारित शेडयूल निम्नवत है :**

| क्र० | सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की संख्या | | काउंसिलिंग की तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 से 16 | 32 | 27.09.2025 | 10:30 से | कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के समाहरणालय भवन, ए.ब्लॉक. कमरा संख्या 109 |
| 2. | 17 से 32 | | | 02:30 से | |

उक्त पर उप विकास आयुक्त-सह- अध्यक्ष, जिला शिक्षा स्थापना समिति, राँची (सहायक आचार्य) का अनुमोदन प्राप्त है।

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, राँची द्वारा मनोनीत नोडल पदाधिकारी, श्री सुदर्शन मुर्मू अपर समाहर्ता (नक्सल) राँची जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

ह०/-
जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

PR 362811 Human Resource Developement (25-26)_D

# 62 साल बाद एयरफोर्स से कल रिटायर होगा मिग-21

## 1965 और 1971 की जंग लड़ीं, कारगिल में दुश्मनों के छक्के छुड़ाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मैं मिकोयन ग्युरेविच... आप मुझे मिग-21 नाम से जानते हैं। मैंने 1965 और 1971 की जंग लड़ी, कारगिल युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ाए, लेकिन आज की टेक्नोलॉजी के हिसाब से मेरे पंख अब कमजोर हो चुके, मैं बूढ़ा हो रहा... अलविदा कहने से पहले आपसे साझा करना चाहता हूं 62 साल का सफर...।

बात 1962 की है, जब भारत-चीन युद्ध हुआ था। पाकिस्तान को अमेरिका से एफ-104 स्टार फाइटर्स मिले थे, खतरा बरकरार था। हिंदुस्तान को सुपरसोनिक फाइटर्स की जरूरत थी, जो आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकें। तब सोवियत यूनियन (अब के रूस) ने 1963 में मेरा पहला बेड़ा भारत भेजा था।

जनवरी 1963 में मैं टुकड़ों में समंदर के रास्ते बॉम्बे पहुंचा। वहां सोवियत इंजीनियर्स ने मुझे असेम्बल किया। अप्रैल 1963 में आगरा के रास्ते चंडीगढ़ लाया गया। तब के विंग कमांडर दिलबाग सिंह मुझे ताशकंद से उड़ाकर चंडीगढ़ ला रहे थे, तो मेरी रफ्तार से साउंड बैरियर टूट गया था।



मेरा परमानेंट स्टेशन तो हिंडन में बनना था, लेकिन उस बेस पर तब काम चल रहा था। चंडीगढ़ को टेम्परेरी बेस के तौर पर चुना गया, 6 महीने के लिए, लेकिन मैंने यहां 2 साल के लिए पैर जमा लिए। दिलबाग सिंह की कमांड में 2 मार्च 1963 को नंबर 28 स्क्वाड्रन का गठन हुआ, जिसे 'फर्स्ट सुपरसोनिक्स' कहते थे, इसमें हम 6 मिग-21 शामिल थे।

मेरा पहला हादसा भी चंडीगढ़ में हुआ। रिपब्लिक डे परेड की प्रैक्टिस करते हुए हम (दो मिग-21) हवा में टकरा गए। शुक्र है कि दोनों पायलट- स्कवाड्रन लीडर एमएसटी वॉलेन और फ्लाइट लेफ्टिनेंट एके मुखर्जी बच गए। मैंने खुद को साबित किया। 1965 की जंग में और फिर 1971 में भी, जब मेरी 8 स्क्वाड्रन्स तैयार थीं। 60 के आखिरी दशक में चंडीगढ़ में नंबर 45 स्क्वाड्रन मेरे पायलट्स के लिए प्राइमरी ट्रेनिंग यूनिट बना।

1968 से शुरूआत करके एयर कमोडोर सुरेंद्र सिंह त्यागी ने 4306 घंटे की ट्रेनिंग की। 1986 में श्रीनगर शिफ्ट होने के पहले नंबर 51 स्क्वाड्रन 1 फरवरी 1985 को चंडीगढ़ में ही बनी थी। मेरी आखिरी एक्टिव यूनिट नंबर 23 स्क्वाड्रन- पैंथर्स की ट्रेनिंग यहीं हुई।

कारगिल युद्ध में चंडीगढ़ ट्रेंड स्क्वाड्रंस ने एयर डिफेंस और स्ट्राइक में शानदार भूमिका निभाई। पाक एफ-16 को अपने मिग-21 बायसन से मार गिराने वाले विंग कमांडर अभिनंदन उसी स्क्वाड्रन से हैं। इतने लंबे सफर में हादसे भी हुए, मुझे उड़ता ताबूत कहा गया। जालंधर में 2002 में हुए एक हादसे में 8 सिविलियन मारे गये। मेरी उड़ानें रोक दी गयीं और संसद में आवाज बुलंद हुई कि मुझे धीरे-धीरे बाहर कर दिया जाये।

अब चंडीगढ़ में 26 सितंबर को मेरी आखिरी उड़ान होगी। तब वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा मेरे पंखों पर सवार होकर उड़ान भर सकते हैं। मेरी विदाई के कार्यक्रम में जगुआर और स्वदेशी तेजस एलसीए एमके-1 भी शामिल हो सकते हैं। लेकिन चंडीगढ़ ने मेरी विरासत को सहेजने का काम किया है। आइएएफ हेरिटेज म्यूजियम में आप मुझे देख सकते हैं। जन्म से नाता रहा है, तो फाइनल गुडबाय भी चंडीगढ़ से ही कहना बनता है। 26 सितंबर 2025 को चंडीगढ़ की नंबर 23 स्क्वाड्रन मेरे साथ आखिरी बार उड़ान भरेगी।

कहते हैं कि अब मुझे यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल्स जैसे ड्रोन) के लिए टारगेट या डिकॉय के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। इंडियन एयरफोर्स का इतिहास करीब 93 साल का है और मैं 62 साल तक उड़ता रहा। लेकिन आज की तेज भागती-बदलती टेक्नोलॉजी का बोझ अब मेरे बूढ़े पंख उठा नहीं पा रहे हैं। वक्त है सुखोई, राफेल, तेजस का...।

**तो अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, टच द स्काई विद ग्लोरी... जय हिंद।**




# 71 नक्सलियों ने डाले हथियार



- 2023 से अब तक 1700 सरेंडर, 466 ढेर, मार्च 2026 तक सफाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को लेकर बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले में एक साथ 71 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। 71 माओवादियों का एक साथ सरेंडर करना नक्सल विरोधी अभियान के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। जिले में लोन वरार्टू अभियान के तहत बुधवार को कुल 71 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से 30 नक्सली इनामी हैं, जिन पर कुल 64 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सभी नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। दरअसल मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का खात्मा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**नक्सलियों की धीरे-धीरे टूट रही कमर :** छत्तीसगढ़ में नक्सल संगठन को फिर बड़ा झटका लगा है। 71 माओवादियों ने एक साथ सरेंडर कर दिया है। वहीं सुरक्षाबलों की तरफ से लगातार चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में कई बड़े नक्सल लीडर एनकाउंटर में ढेर हो रहे हैं। बड़े नक्सलियों की तरफ से कई बार समझौते को लेकर भी सरकार से अपील की गयी है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई पहल नहीं होने के बाद अब नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इसी के तहत 71 नक्सलियों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है।

**30 माओवादियों पर था 64 लाख का इनाम :** हथियार डालने वाले 71 माओवादियों में 30 नक्सलियों पर 64 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सल अभियान के तहत इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। वहीं नक्सलियों ने भी कहा कि वे नक्सलवाद से तंग आ चुके हैं, इसलिए हिंसा का रास्ता छोड़ कर मुख्य धारा में लौटे हैं।

# बिजली आ गयी है, बच्चे मन लगा कर पढ़ाई करें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के गादी पंचायत के अरगाली गांव में एक सौ केवी ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। बिजली बहाल हो जाने से ग्रमीणों ने खुशी जताते हुए श्री सिंह का आभर व्यक्त किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने बच्चों और युवाओं को मन लगा कर पढ़ाई करने की बात कही। इसके बाद श्री सिंह भाजपा कार्यालय बरजो पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। कुछ लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निदान कर दिया, कुछ को जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर संजय नारायण देव, आनंद कुमार, विपिन नारायण देव, अजय नारायण देव, सुबोध नारायण देव, अनुज नारायण देव, अरविंद नारायण देव, जटाशंकर तिवारी, छोटू राय, विनोद शर्मा, नकुल राय, युवा नेता उपेंद्र सिंह, सिकंदर नारायण, नीतीश, राजेश राय समेत कई लोग मौजूद थे।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**